तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 25.6 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




टाउन हाल में ट्रांसफार्मर खुला होने से हादसे की आशंका बनी रहती है।

## खबर संक्षेप

### शरद उत्सव तैयारी बैठक आज

**बिलासपुर।** अशोक वाटिका अशोकनगर सरकंडा में 5 अक्टूबर को शाम 5 बजे से केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन लाल साहू व बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के आतिथ्य में शरदोत्सव एवं महासम्मेलन आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद के महासचिव संजय गौरहा ने बताया कि शरदोत्सव में संगीत संध्या, सामाजिक जनों का सम्मान, सामाजिक दिशा एवं सहभोज का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम की तैयारी व जिम्मेदारी देने छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण विकास परिषद भवन इमलीपारा में 1 अक्टूबर को शाम 4.30 से 5.30 बजे तक बैठक होगी। पदाधिकारी व सदस्यो को चर्चा कर जिम्मेदारी दिया जाएगा।

### पूरक परीक्षा 13 से, फार्म भरने की तिथि समाप्त

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी से संबंधित कालेजों में 13 अक्टूबर से पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी। पोर्टल में आनलाइन पूरक परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि मंगलवार को समाप्त हो गई है। मुख्य परीक्षा के स्नातक पाठयक्रमों बीए, बीएससी, बीएससी होम साइंस, बीकॉम, बीबीए, बीसीए की घोषित परीक्षार्थियों को पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए यूनिवर्सिटी के अधिकृत वेब पोर्टल में 30 सितंबर तक परीक्षा फार्म भरा जा सकता था। छात्र सभी दस्तावेजों की छायाप्रति कालेज में 3 अक्टूबर तक जमा करना होगा। इसके बाद कालेजों में 13 अक्टूबर से पूरक परीक्षा आयोजित होगी।

### सवाल उठ रहे हैं क्योंकि बीच शहर की जगह को कम दर पर दिया गया

# सिर्फ 29 रुपए वर्गफीट में किराए पर दे दी प्राइम लोकेशन की 4 हजार वर्गफीट जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने चहेते को लाभ देने के लिए प्राइम लोकेशन की जगह को सिर्फ 29 रुपए वर्गफीट की दर से किराए पर दे दिया है। स्मार्ट सिटी रोड के बगल में स्थित इस 4 हजार वर्गफीट में पहले सी मार्ट खुला था।

निगम के मुताबिक इसके लिए टेंडर किया गया था जिसमें तीन लोगों ने भाग लिया था और सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए एक लाख 17 हजार रुपए प्रति महीने किराए पर दिया गया है। इस पर सवाल उठ रहे हैं कि क्योंकि बीच शहर में सबसे मौके की जगह को इतनी कम दर पर दिया गया जबकि मंगला बाइपास की एक बिल्डिंग 90 रुपए प्रति वर्गफीट की दर से तय हुई है। यही नहीं जब सी मार्ट का संचालन हो रहा था तो दुकान में तीन एसी, कई रैक, काउंटर के साथ ही लाइट और हाई रिशोलेशन वाला बुलेट कैमरा लगा था। लाखों का यह माल कहां गया? इसके बारे में कोई नहीं बता रहा है। स्मार्ट सिटी रोड के बगल में सी मार्ट का संचालन किया जा रहा था। बाद में इसे बंद कर दिया गया और जगह खाली पड़ी थी। यह जगह मूल रूप से सामुदायिक भवन है जिसे रंगरोगन करते हुए दुकान का रूप दिया गया है। इसके कुछ भाग में अभी भी लोगों के रुकने की व्यवस्था है। सी मार्ट के बंद होने के बाद निगम साल भर से इसे किराए पर देने की कोशिश कर रहा था। इसके लिए दो बार टेंडर भी निकाला गया। तीसरी बार का टेंडर भी निकाले जाने की बात कही जा रही है लेकिन यह कब और कहां निकाला गया इसके बारे में सवाल है।

### इधर सी- मार्ट का लाखों का सामान गायब




### निगम के अधिकारी की इसमें बड़ी भूमिका

अब निगम ने इस 4 हजार वर्गफीट की बीच सड़क के किनारे प्राइम लोकेशन की जगह को सरकंडा के एक ठेकेदार को किराए पर दे दिया है। इसके लिए एक लाख 17 हजार रुपए किराया और यूजर चार्ज अलग से तय किया गया है। तीन दिन पहले इसका उद्घाटन भी बड़े तामझाम से कर दिया गया है। यही नहीं इस ठेकेदार ने आईटीएमएस द्वारा चौक पर लगाए गए कैमरे को भी अपनी दुकान के पोस्टर से ढक दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक निगम के ही एक अधिकारी की इसमें बड़ी भूमिका है। चुपके से टेंडर निकालकर अपने चहेते को कम दर पर दुकान दिलवा दिया गया।

### लाखों का यह माल हो गया गायब

गौरतलब है कि इस जगह पर पहले सी मार्ट का संचालन हो रहा था। जगह निगम की थी लेकिन यहां बिकने वाले सामान अधिकांश तौर पर वन विभाग के थे। महिला स्व सहायता समूह को इसकी जिम्मेदारी दी गई दी गई थी। सामानों की बिक्री नहीं हुई तो इसे बंद कर दिया गया। यहां तक कि बिजली बिल भी जमा नहीं हो पा रहा था। बड़ी मुश्किल से निगम ने इसे जमा कराते हुए दुकान खाली कराई लेकिन यहां रखे सामान गायब हैं। दुकान में तीन एसी, कई रैक, काउंटर के साथ ही लाइट और हाई रिशोलेशन वाला बुलेट कैमरा लगा था।

### टेंडर के माध्यम से आवंटन

निगम ने इसके लिए टेंडर किया गया था जिसमें तीन लोगों ने भाग लिया था और सारी प्रक्रिया पूरी करते हुए एक लाख 17 हजार रुपए प्रति महीने किराए पर जगह दी गई है। यूजर चार्ज अलग से वसूला जाएगा। इससे पहले जारी दो टेंडरों में एक भी निविदा नहीं आई थी।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

# 12 घंटे तक बंद रही बिजली फाल्ट खोजते रहे कर्मचारी

**बिलासपुर।** सकरी बिजली कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारी बिजली समस्या निबटाने में असफल साबित हो रहे हैं। पिछले कई माह से क्षेत्र की बिजली उपभोक्ताओं का जीना मुहाल कर रही है, लेकिन अधिकारियों की दखल के बावजूद सुधार कार्य में विलंब और बार-बार बिजली बंद होने की समस्या से निजात नहीं मिल रही है।

सकरी क्षेत्र में बिजली बंद होने पर लोगों को रतजगा करना पड़ रहा है। दरअसल मंगलवार की रात से ही यहां बिजली की समस्या रही है। सकरी, नेचर सिटी सहित आसपास के आधा दर्जन कालोनियों में रात से बिजली की लुकाछिपी जारी रही। अलसुबह बिजली पूरी तरह से ठप हो गई। उपभोक्ताओं ने एक के बाद एक फ्यूज कॉल में इसकी शिकायत दर्ज कराई लेकिन बिजली अमला सुबह 11 बजे सक्रिय हो सका। इसके बाद ब्रेकडाउन होने के कारण मरम्मत में कर्मचारियों को लगाया गया। जैसे-तैसे 2 बजे तक लाइनों को दुरूस्त किया गया लेकिन फिर भी कई क्षेत्रों में बिजली सप्लाई सामान्य नहीं हो सकी। दरअसल लाइन में फाल्ट होने के कारण बिजली कर्मचारियों को फाल्ट खोजने में ही 3 घंटे से अधिक का समय लग गया, ऐसे में दोपहर 3.30 बजे तक नेचर सिटी और अन्य कालोनियों में बिजली बहाल हो सकी। रात 8 बजे के बाद नेचर सिटी के आसपास के इलाकों में एक बार फिर बिजली बंद हो गई। यह सिलसिला रातभर चलता रहा। यह पहली बार नहीं हुआ है, कई बार बिजली ठप होने पर घंटों बिजली सप्लाई नार्मल नहीं हो पाती है, अधिकारियों से पूछने पर भी उपभोक्ताओं को सही जानकारी नहीं मिल रही है। वहीं जेई और फ्यूज कॉल सेंटर उपभोक्ताओं के कॉल रिसीव करना भी जरूरी नहीं समझते है।

■ **सकरी, नेचर सिटी और आसपास यही समस्या**



### एई की नहीं हुई पोस्टिंग

क्षेत्र में उपभोक्ताओं की समस्या नहीं सुनने वाले दो एई को एक साल के भीतर ही हटा दिया है। फिलहाल नए सहायक यंत्री की पदस्थापना भी विभाग द्वारा नहीं की गई है। दरअसल साल भर के भीतर दो सहायक यंत्री एई भूपेश साहू और योगेश साहू को हटाया गया है। उपभोक्ताओं की बिजली समस्या को अनसुना करने वाले एई को विभाग ने हटाकर सबक सिखाया है लेकिन इसके बावजूद स्थिति नहीं सुधर रही है। वर्तमान में तिफरा में पदस्थ एई जितेश को अतिरिक्त चार्ज दिया गया है।

### फाल्ट के चलते बंद थी बिजली

बिजली बंद मरम्मत करने में समय लगा जिसके कारण बिजली सप्लाई में विलंब हुआ है। दोपहर 1 बजे तक सभी फीडर चालू कर दिया गया था, लेकिन इसके बाद फिर से फाल्ट आने के कारण कर्मचारियों को अतिरिक्त काम करना पड़ा है।

- **मिलिंद पांडेय,** ईई, विद्युत विभाग

### प्रभावित होगी इंटर्नल परीक्षाएं

## दशहरा पर कालेजों में पांच दिनों का अवकाश

**बिलासपुर।** कालेजों में दशहरा का अवकाश सोमवार से लग गया है। शासन द्वारा दशहरा त्यौहार के लिए जो अवकाश घोषित किया गया है उसके अनुसार से कालेज विद्यार्थियों को 6 दिनों की छुट्टी मिल रही है और विद्यार्थी अब सीधे 5 अक्टूबर को कालेज आएंगे।

इस बार कालेज विद्यार्थियों को दशहरा त्यौहार पर ठीकठाक छुट्टी मिल रहा है। 28 सितंबर को रविवार का अवकाश था और 29 सितंबर सोमवार से अवकाश घोषित हो गया है। इस बार कुल 6 दिनों का अवकाश मिल रहा है और कालेज विद्यार्थियों के लिए 4 अक्टूबर तक कालेजों में छुट्टी रहेगी। इस तरह से देखा जाए तो कुल सात दिनों की छुट्टी मिल जा रही है। विद्यार्थियों के साथ-साथ कालेज के शिक्षकों को भी अवकाश मिल रहा है। कालेजों में इंटर्नल एग्जाम चल रहा था और कई कालेजों में इंटर्नल एग्जाम संपन्न भी हो गया है, जबकि कुछ प्राईवेट कालेज वाले समय पर इंटर्नल एग्जाम नहीं करा पाए हैं। वे कालेज अब दशहरा अवकाश के बाद अपने यहां इंटर्नल एग्जाम कराएंगे।

### विभाग ने किया अलर्ट, बूंदाबांदी के आसार

## उमस ने किया बेहाल, तापमान 33 डिग्री

**बिलासपुर।** सितंबर बीत चुका है लेकिन सर्द की दस्तक नहीं हो सकी है। मंगलवार को एक बार फिर तापमान 1 डिग्री बढ़ते हुए 33 डिग्री पर जा पहुंचा। इस दौरान सुबह से ही सूरज की दस्तक ने गर्मी बढ़ा दी थी, जिसके चलते लोगों को उमस से बेहाल होना पड़ा।

मौसम में परिवर्तन का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, गर्मी, बारिश और उमस लोगों को मर्ज बांट रहा है। मंगलवार को गर्मी के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी, उमस के कारण कहीं भी चैन नहीं मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में निम्न दबाव क्षेत्र बनने की आशंका है। जिसके कारण बारिश फिर से सक्रिय हो सकती है। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी रेखा वेरावल, भरूच, उज्जैन, झांसी और शाहजहांपुर होते आगे बढ़ रही है। खंभात की खाड़ी और आसपास के क्षेत्रों में निम्न दबाव क्षेत्र व द्रोणिका बनी है।




## खबर संक्षेप

### गायत्री शक्तिपीठ में युगऋषि का संदेश दुर्गा नवमी पर नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**बिलासपुर।** गायत्री शक्तिपीठ विनोबानगर में नवरात्रि पर महाकवि डॉ.बृजेश सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अपने वेदमूर्ति महाकाव्य के माध्यम से पूज्य गुरुदेव युगऋषि आचार्य श्रीराम शर्मा के संदेश को जनमानस के समक्ष अभिव्यक्त किया। वेदमूर्ति महाकाव्य में गुरुदेव के सप्तसूत्रीय आन्दोलन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व कृतित्व को इक्कीस सर्गो में समाहित किया गया है। डॉ. बृजेश ने वेदमूर्ति महाकाव्य के छंदों को दृष्टान्त के रूप में प्रस्तुत कर गुरुदेव के युग निर्माण सतसंकल्प को प्रभावी ढंग से जनमानस के समक्ष प्रस्तुत किया। मनहरण लाल पटेल ने डॉ.बृजेश का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन रामकुमार श्रीवास ने किया। इस अवसर पर हेमराज वैश्य मुख्य प्रबंध ट्रस्टी, रामगोपाल कश्यप ट्रस्टी, द्वारिका पटेल परिव्राजक, श्रीमती जे लाल टूरस्टी, आशा सुल्तानिया, हरेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित थे। दुर्गा नवमी पर 1 अक्टूबर को प्रातः आठ बजे से बारह बजे तक नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ करके साधक अपने नवरात्रि पर्व अनुष्ठान की पूर्णाहुति करेंगे एवं कन्याभोज - सामूहिक अमृतासन के साथ में परम पूज्य गुरुदेव का का संदेश भी दिया जाएगा। यह जानकारी द्वारिका पटेल ने दी।

### रमन विश्वविद्यालय ने आशीष दी को पीएचडी की उपाधि



**बिलासपुर।** डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय से आशीष कुमार पांडे को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने क्रिएशन ऑफ जियो स्पेशियल डेटाबेस स्मार्ट फार्मिंग यूजिंग मशीन लर्निंग विषय पर शोध किया है। शोध कृषि क्षेत्र में नवीन तकनीकों के एकीकरण को भी उजागर किया है। शोध डॉ. अमृता वर्मा के निर्देशन में पूर्ण किया है।

### पोषण माह पर गर्भवती महिलाओं के लिए गोदभराई व पोषण प्रदर्शनी




**बिलासपुर।** केंद्रीय संचार ब्यूरो बिलासपुर ने पोषण माह पर बिल्हा विकासखण्ड के आदिवासी वनग्राम बम्हनीखुर्द स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में सरपंच मिलन सिंह मरावी, पंच एवं युवा मंडल अध्यक्ष अनित कुमार मरावी, रामदास मानिकपुरी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोषी सहित गर्भवती माताएं, किशोरी बालिकाएं और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। केंद्रीय संचार ब्यूरो बिलासपुर के प्रभारी केवी गिरी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 17 सितम्बर से 16 अक्टूबर तक पोषण माह मनाया जा रहा है। उन्होंने संतुलित भोजन को कुपोषण मुक्त भारत के निर्माण की कुंजी बताया। सरपंच मिलन सिंह मरावी ने ग्रामीणों से अपील की कि वे हरी पत्तेदार सब्जियां, मौसमी फल, विभिन्न अनाज और फलियों को अपने भोजन में शामिल करें। कार्यकर्ता संतोषी ने ग्रामीणों को आंगनबाड़ी सेवाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पोषण आहार की प्रदर्शनी लगाई गई तथा गर्भवती महिलाओं की खुशहाली और अजन्मे शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए गोदभराई की रस्म निभाई गई। ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया गया। स्वच्छता परवाड़ा अभियान के तहत शपथ दिलाई गई।

### रायपुर में होगा महासम्मेलन कोन्डागांव में जय बूढ़ादेव महोत्सव



**बिलासपुर।** गोवर्धन लाल गुप्ता भवन में छत्तीसगढ़ गॉड़ा समाज की बिलासपुर संभाग स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इसमें समाज की रायपुर में महासम्मेलन एवं कोन्डागांव में जय बूढ़ादेव महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसे मूर्त रूप देने समाज के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। तैयारी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में संभाग के सैकड़ों पदाधिकारी एवं समाजिक जन मौजूद थे। बैठक में समाज के पूर्व कलेक्टर के एल चौहान, पूर्व विधायक रामलाल चौहान, पुनीत राम चौहान, हरिशंकर चौहान, प्रदीप कुलदीप, बी एम चौहान, अमीलाल चौहान, कन्हैया गंधर्व, राम गंधर्व, विक्रम सरित, रामबाबू गंधर्व, राम संतोष कुलदीप, रामभवन कुलदीप, विनोद सागर, भुवन गंधर्व, कार्तिक गंधर्व, सेवक गंधर्व, अर्जुन गंधर्व एवं समाजिक जन शामिल रहे। बैठक का संचालक रवि बघेल ने किया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रमोद सागर ने की।

### सूर्यवंशी युवा कल्याण समिति ने किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** रविवार को सूर्यवंशी युवा कल्याण समिति के तत्वावधान में ग्राम मोपका पुलिस चौकी में भव्य पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला सूर्यवंशी समाज के अध्यक्ष नंद किशोर डहरिया, जेएल कुर्रे, विश्वनाथ डहरिया, विश्राम केवरा, जगन्नाथ करियारे, भगत राम दर्वे, देवी प्रसाद, ऋषि केवरा, अश्वनीकांत, राजकुमार आंचल, विनोद सूर्य, दिलहरण खरे, अजय खरे, मिथुन सूर्य, आशीष अवस्थी, उत्तम दर्वे, सुशील सूर्यवंशी, हेमंत पाटले थाना प्रभारी मोपका जिसमें सूर्यवंशी युवा कल्याण समिति के सदस्य छतलाल सूर्यवंशी, सुशील सूर्यवंशी, धनराज सूर्य, राकेश राजगीर, राहुल सूर्यवंशी, राजेश नारंग, शेखर सक्सेना, विक्रम पत्रिकर, सोनू सूर्यवंशी, सुमीत सूर्यवंशी, महेश खरे, अजय सूर्यवंशी, आदित्य भार्गव, ज्ञान रत्नाकर, रंजीत सोनवानी, राजेश नारंग, संजय लास्कर, सतीश टोनी, रवि भारती अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

---

**तीन में सब रजिस्ट्रार बैठेंगे** | आरके नगर, सकरी, सरकंडा, व्यापार विहार व मंगला में होंगे नए कार्यालय

# शहर में खुलेंगे 5 नए रजिस्ट्री कार्यालय, शासन ने मांगा प्रस्ताव

**बिलासपुर।** शहर में जल्द ही पांच नए रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की तैयारी की जा रही है। इनके प्रारंभ होते ही शहर में रजिस्ट्री कार्यालयों की कुल संख्या छह हो जाएगी। राजकिशोर नगर, सकरी एवं वर्तमान में संचालित कार्यालय में सब रजिस्ट्रार पदस्थ किए जाएंगे। शेष तीन कार्यालयों में सब रजिस्ट्रारों की तैनाती होगी। शासन ने इस संबंध में विभाग से प्रस्ताव मांगा है।

शहर के लोगों को जमीन की रजिस्ट्री कराने अपनी बारी के लिए अब लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। शासन द्वारा शहर में पांच और नए रजिस्ट्री आफिस खोलने की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत राजकिशोर नगर व सकरी में स्थापित होने वाले नए आफिस व वर्तमान कंपोजिट बिल्डिंग स्थित कार्यालय में उप




पंजीयक स्तर के अधिकारी बैठेंगे। वर्तमान में जिले में उप पंजीयकों के कुल नौ पद स्वीकृत हैं, जिनके विरूद्ध छह अधिकारी पदस्थ हैं। नए कार्यालय प्रारंभ होते ही तीन और उप पंजीयकों को पदस्थ किया जाएगा। इसी तरह कंपोजिट बिल्डिंग में संचालित कार्यालय के अधीन सरकंडा, मंगला और व्यापार विहार में तीन और कार्यालय खोले जाएंगे। यहां सब रजिस्ट्रार नियुक्त होंगे। वर्तमान में व्यापार विहार में कार्यालय के लिए भवन देखा जा चुका है। नए भवन को 45 दिनों के भीतर तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में उम्मींद की जा रही है कि नवंबर अंत तक यहां कामकाज प्रारंभ हो जाए। इधर सरकंडा व मंगला में अभी भवन का चयन अंतिम नहीं हो सका है। इसके लिए करीब दो हजार वर्गफीट क्षेत्रफल वाले भवन की तलाश की जा रही है, जहां पार्किंग की भी बेहतर व्यवस्था हो। विभाग द्वारा इन दोनों कार्यालयों के लिए भी अक्टूबर अंत तक भवन की तलाश कर लेने की बात कही गई है।

### आरके नगर, सीपत क्षेत्र का विकल्प, सकरी नई तहसील

सीपत में रजिस्ट्री आफिस नहीं होने के कारण पक्षकारों को रजिस्ट्री के लिए या तो मस्तूरी जाना होता है या वे बिलासपुर आते हैं। दोनों ही स्थान सीपत से दूर है। यही कारण है कि एक आफिस राजकिशोर नगर में खोलने का निर्णय लिया गया है, ताकि सीपत क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके। इसी तरह सकरी के नई तहसील बनाए जाने के बाद क्षेत्र में रजिस्ट्री की संख्या भी बढ़ी है। ऐसे में वहां रजिस्ट्री आफिस स्थापित होने की जरूरत महसूस की जा रही थी।

### 45 दिनों में शुरू होगा नया आफिस

व्यापार विहार में अगले 45 दिनों में प्रारंभ हो जाएगा नया ऑफिस शासन ने शहर की बढ़ती सीमा एवं रजिस्ट्री के प्रकरणों की संख्या को ध्यान में रखते हुए पक्षकारों को राहत देने के उद्देश्य से पांच और नए कार्यालय स्थापित करने हेतु प्रस्ताव मांगा है। इसके अंतर्गत राजकिशोर नगर, सकरी एवं वर्तमान कार्यालय में सब रजिस्ट्रार बैठेंगे। इसी तरह वतर्मान में संचालित कार्यालय के अधीन सरकंडा, मंगला व व्यापार विहार में खोले जाने वाले तीन कार्यालयों में सब रजिस्ट्रार की तैनाती की जाएगी। व्यापार विहार में नया कार्यालय अगले 45 दिनों के भीतर प्रारंभ भी हो जाएगा।

**-आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक, रजिस्ट्री विभाग

---

वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी के 75 वें जन्मदिन पर संगोष्ठी

# विश्वसनीयता पत्रकारिता की अमूल्य निधि : डॉ त्रिवेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भारतीय पत्रकारिता का समृद्धशाली इतिहास रहा है। आजादी के बाद भी पत्रकारों ने देश के नवनिर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाई। विश्वसनीयता ही पत्रकारिता की सबसे अमूल्य निधि है। इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी वर्तमान पीढ़ी पर है।

ये बातें सिंचाई विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा भवन में छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार ज्ञान अवस्थी के 75 वें जन्म दिवस पर पत्रकारिताः सामाजिक सरोकार और राजनीति विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता लेखक एवं पूर्व आईएएस अधिकारी डॉ. सुशील त्रिवेदी ने कही। उन्होंने आजादी की लड़ाई में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस आंदोलन में हिस्सा लेने वाले प्रमुख नेता खुद भी पत्रकार थे। उन्होंने माधवराव सप्रे का जिक्र करते हुए छत्तीसगढ़ मित्र के प्रकाशन और उससे जुड़े कई तथ्य सामने रखे। उन्होंने वर्तमान संदर्भ में समाचार जगत और पत्रकारों की भूमिका को लेकर भी अपनी बातें रखी।




### समाज की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हो प्रयासः बाजपेई

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एयू के कुलपति आचार्य ए.डी.एन. वाजपेयी ने भी भारत की आजादी और देश के नवनिर्माण में पत्रकारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने वर्तमान स्थिति का जिक्र करते हुए कहा कि आज पत्रकारों के सामने कई चुनौतियां हैं पर समाज पत्रकारों से हमेशा ही मार्गदर्शन की अपेक्षा करता है। समाज की इन अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास वर्तमान पीढ़ी के पत्रकारों को करना चाहिए।

### समाज के पक्ष में बात रखने दिखाया हमेशा साहस : सिंह

विशिष्ट अतिथि तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह ने छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता में ज्ञान अवस्थी के योगदान और उनसे जुड़े कई संस्मरण साझा किए। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे पत्रकारों की जरूरत हमेशा रही है जो बिना किसी से समझौता किए साहस के साथ समाज के पक्ष में अपनी बात रख सके।

### रेलवे जोन आंदोलन में रही विशिष्ट भूमिका : निरुपमा

विशिष्ट अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता निरुपमा वाजपेयी ने रेलवे जोन आंदोलन के दौरान ज्ञान अवस्थी की भूमिका को याद किया और कहा कि समाज को दिशा देने में पत्रकार जगत की भूमिका हमेशा प्रासंगिक रहेगी। वरिष्ठ पत्रकार नथमल शर्मा ने संगोष्ठी के विषय का प्रवर्तन किया। अतिथियों ने 75 पन्नों की खुली किताब" का विमोचन कर ज्ञान अवस्थी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार रुद्र अवस्थी एवं आभार प्रदर्शन शिव मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में एस.के. तिवारी, सतीश जायसवाल, हबीब खान, पीयूष कांति मुखर्जी, प्रवीण शुक्ला, सईद खान, राजेश अग्रवाल, निर्मल माणिक, राजेश दुआ, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आर ए शर्मा, डॉ गिरीश पांडेय, एम.एस.के. खोखर, डॉ. सरोज मिश्रा, आर.के. सक्सेना, सुरेश मिश्रा , संतोष कौशिक, चंद्र प्रकाश वाजपेयी, अभय नारायण राय, द्वारिका प्रसाद अग्रवाल, अरविंद दीक्षित, प्रभात मिश्रा, राजीव नयन शर्मा, किशोर सिंह, आशीष शुक्ला, मनीष शुक्ला आदि उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के सचिव बने विन्टेश




**बिलासपुर।** छग स्टेट क्रिकेट संघ में पूर्व सचिव मुकुल तिवारी के बाद एक बार फिर क्रिकेट संघ बिलासपुर के पदाधिकारी विन्टेश अग्रवाल को प्रदेश का सचिव और अनूप चड्डा को सदस्य बनाया गया है, जो शहर के लिए गौरव की बात है।

प्रति दो वर्ष में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाता है, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष से लेकर सदस्यों के लिए वोटिंग की जाती है। इससे पहले छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के चुनाव में बिलासपुर क्रिकेट संघ से मुकुल तिवारी को स्टेट का सेक्रेट्री बनाया गया था। रायपुर कें मायारानी रिसार्ट में नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से छग स्टेट क्रिकेट संघ के संरक्षक बलदेव सिंह भाटिया, विजय शाह, जुबीन शाह, सचिव मुकुल तिवारी मौजूद थे। एक बार फिर बिलासपुर क्रिकेट संघ के वर्तमान सचिव विन्टेश अग्रवाल को प्रदेश का सचिव घोषित कर दिया गया। विन्टेश अग्रवाल के साथ बिलासपुर क्रिकेट संघ के अनूप चड्डा अपेक्स काउंसिल मेंम्बर में शामिल किए गए। सचिव विन्टेश अग्रवाल के अलावा छग स्टेट क्रिकेट संघ के नए अध्यक्ष वी मोहनदास, उपाध्यक्ष गुरुचरण सिंह माखीजा, सहसचिव अजय तिवारी, कोषाध्यक्ष सुमीत कुमार गुप्ता, काउंसिल मेम्बर अखिल कुमार धागत, योगेश विथलानी, मंजीत सिंह सीरे, अनुराग शर्मा के अतिरिक्त गर्वनिंग काउंसिल में चेयरमैन एवी भास्कर राव और मेम्बर विवेक छीबा को शामिल किया गया।

# कांग्रेस संगठन में बदलाव करने आएंगे पार्टी पर्यवेक्षक

**बिलासपुर।** कांग्रेस संगठन में बदलाव को लेकर उठापटक शुरू हो गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एआईसीसी ने नए कांग्रेस अध्यक्षों के नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षक भी नियुक्त कर दिए हैं। बिलासपुर व मुंगेली जिले के लिए मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को पर्यवेक्षक बनाया गया है जो दशहरा त्यौहार के बाद यहां सर्वे, रायशुमारी के लिए आएंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में कांग्रेस संगठन में बदलाव और नए अध्यक्षों के नियुक्ति के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त कर दिए हैं। कांग्रेस ने अन्य राज्यों के वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षक बनाया है और साथ में प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों व विधायकों को अटैच करते हुए प्रदेश स्तरीय पर्यवेक्षक बनाया है। बिलासपुर व मुंगेली जिले के लिए मध्यप्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार को एआईसीसी ने पर्यवेक्षक नियुक्त किया है और उनके सहयोग के लिए अटैच करते हुए पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव सहित पूर्व मंत्री धनेश पाटिल, प्रदेश पदाधिकारी नरेश ठाकुर तीन लोगों को प्रदेश स्तरीय पर्यवेक्षक बनाया गया है। पर्यवेक्षकों की नियुक्ति के बाद अब संगठन में बदलाव के लिए उठापटक शुरू हो गई है और पर्यवेक्षक दशहरा के बाद यहां आएंगे। नए कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए कांग्रेसजनों के साथ मिटिंग करेंगे और सर्वे के साथ रायशुमारी कर अपनी रिपोर्ट एआईसीसी को देंगे। इसलिए अध्यक्ष पद के लिए भीतर ही भीतर दावेदारों की तैयारी चल रही है। पर्यवेक्षक के सामने कांग्रेस नेता अपना आवेदन देंगे और दावेदारी भी पेश करेंगे।

### छग के लिए ये 17 लोग पर्यवेक्षक बनाए गए

कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान तहत कांग्रेस अध्यक्ष के चयन प्रक्रिया के लिए छत्तीसगढ़ के लिए 17 पर्यवेक्षक नियुक्त किए हैं। इनमें सप्तगिरी उल्का, अजय कुमार, सुबोध कांत सहाय, उमंग सिंगार, आरसी खुंटिया, राजेश ठाकुर, विवेक बसंल, डॉ. नितिन राउत, श्याम कुमार बर्वे, प्रफुल्ल ग्रोथ, चरण सिंह सपरा, विकास ठाकरे, सुश्री हिना कार्पेट, सुश्री रीता चौधरी, एसएमटी रेहाना रेयाज चिश्ती, अजमतुल्लाह हुसैनी, सीताराम लम्बा को पर्यवेक्षक बनाया गया है। ये सभी पर्यवेक्षक दशहरा त्यौहार के बाद छत्तीसगढ़ आएंगे और अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में जाएंगे।

# निगम की सामान्य सभा के लिए निकाली गई लाटरी




**बिलासपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक का एजेंडा जारी हो गया है। सभापति विनोद सोनी ने इस बैठक के लिए शासन को पत्र लिखा था। 6 महीने के अंतराल के बाद होने वाली इस बैठक में हंगामे की स्थिति बन सकती है। पार्षदों ने शहर की खराब सड़कों, सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों की धीमी गति के मुद्दों पर महापौर पूजा विधानी को घेरने की योजना बनाई है। पार्षदों ने कुल 58 सवाल पूछा है। प्रश्नों के क्रम निर्धारण के लिए लॉटरी 30 सितंबर को दोपहर 12 बजे दृष्टि सभाकक्ष में निकाली गई।

6 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे पं. देवकीनंदन दीक्षित सभागृह में आयोजित सामान्य सभा के एजेंडे में कुल 37 प्रस्ताव शामिल हैं। इनमें से 27 प्रस्ताव अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्ग के प्रमाण पत्र से संबंधित हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी में छूट की घोषणा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करने का प्रस्ताव भी शामिल है। इसके साथ ही टेंडर मंजूरी और नामकरण से जुड़े अन्य प्रस्ताव भी सभा में प्रस्तुत किए जाएंगे। वार्ड क्रमांक 38 की पार्षद सुनीता गोयल ने अवैध निर्माण के साथ ही नाली निर्माण के बारे में सवाल पूछा है। वार्ड 54 के पार्षद तिहारी राम जायसवाल ने वार्ड की सफाई के बारे में वार्ड क्रमांक 49 के पार्षद रमेश पटेल ने बजरंग चौक के पास डाले जा रहे कचरे पर सवाल उठाया है। नगर निगम ने सामान्य सभा के लिए 37 सूत्रीय एजेंडा जारी किया है।

# रेलवे क्षेत्र में कलेक्टर की अनुमति से लगेगा पटाखा बाजार

**बिलासपुर।** रेलवे क्षेत्र में पटाखा बाजार के लिए प्रक्रिया शुरु कर दी गई है, जहां कलेक्टर की अनुमति मिलने के बाद ही पटाखा बाजार के लिए व्यापारी रेलवे को दस्तावेज सौंपेंगे। इसके उपरांत रेल अफसर पटाखा बाजार लगाने का अंतिम निर्णय लेंगे।

प्रतिवर्ष रेलवे क्षेत्र के तोरवा थाना और रामलीला मैदान के सामने पटाखा दुकान लगाए जाते हैं। पटाखा दुकान लगाने के लिए व्यापारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। इसका कारण है कि अगर रेलवे क्षेत्र में कहीं आग लगने की घटना हो जाए तो उसे बुझाने के लिए रेलवे के पास दमकल की व्यवस्था नहीं है। रेलवे क्षेत्र के बुधवारी बाजार, सब्जी मार्केट में कई बार आग लगने की घटना भी हो चुकी है, जिसे बुझाने के लिए रेल प्रशासन को नगर निगम की मदद लेनी पड़ती है। इसे देखते हुए रेलवे के अधिकारी पटाखा बाजार लगाने के लिए अनुमति देने से पहले कई बार सोचते हैं। इसके बावजूद पटाखा बाजार तोरवा थाने के सामने लगाया जाता है। पिछले साल की तरह इस साल भी पटाखा बाजार लगाने के लिए व्यापारियों ने अपनी ओर से प्रक्रिया शुरु कर दी है। बुधवारी बाजार व्यापारी संघ को पटाखा दुकान लगाने वाले व्यक्ति अपना लायसेंस रिनीवल कराने के लिए जमा करने लगे हैं। बुधवारी बाजार व्यापारी संघ के अनुसार तोरवा थाना रामलीला मैदान के सामने 70 दुकानें लगाई जाती हैं, इसके लिए लायसेंस रिनीवल करने के उपरांत रेलवे कार्यालय में दिया जाएगा।

### दीपावली से कुछ दिन पहले आवेदन

पटाखा बाजार लगाने के लिए व्यापारी दीपावली पर्व से कुछ दिन पहले ही अपना आवेदन देते हैं। अब तक किसी से भी कोई आवेदन रेल प्रशासन को प्राप्त नहीं हुआ है। इसके लिए सबसे जरूरी कलेक्टर की अनुमति है। कलेक्टर की अनुमति मिलने के बाद ही दस्तावेज और गाइडलाइन के अनुसार ही पटाखा बाजार लगाने के लिए अनुमति प्रदान की जाती है।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

तखतपुर के जोंधरा और उसलापुर में बनेगा 3.15 एमवीए का सबस्टेशन

# ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली सुधारने, विभाग को मिले 25 करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासपुर और मुंगेली जिले के ग्रांवों में आ रही बिजली समस्या को देखते हुए बिजली विभाग ने 25.38 करोड़ की स्वीकृति दी है। इस राशि ने सबस्टेशन निर्माण, ट्रांसफार्मर लगाने और क्षमता बढ़ाने के साथ ही लाइनों को दुरूस्त किया जाएगा। खास बात यह है कि 6 सबस्टेशन और 4 सबस्टेशन में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाकर क्षमता में वृद्धि की जाएगी।

■ वोल्टेज की समस्या को दूर करने की कवायद

बिजली की समस्या विकराल हो रही है, शहर और गांव में बिजली बंद होने और लो वोल्टेज की समस्या आम हो चुकी है। बिजली विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 25.38 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य करने की स्वीकृति दी है। इसमें बिजली के बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री अधो संरचना मद से निर्माण कार्य कराया जाएगा। स्वीकृति के अनुसार 16 प्रमुख कार्य विभाग के द्वारा किए जाएंगें। वहीं अधिकारी अब तकनीकी स्वीकृति के साथ ही टेंडर लगाने की प्रक्रिया पूरी कर रहे है। इस कवायद के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही बिजली की समस्या से थोड़ी बहुत निजात मिलने की उम्मीद है।

### अतिरिक्त ट्रांसफार्मर से लो वोल्टेज होगा दूर



योजना के तहत अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगें। इसमें पेंडारी, नगोई, बनियाडीह, पकरिया, पौनी, और टेढ़ाधौरा में 3.15 एमवीए के अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगें। इससे क्षेत्र में बढ़ती बिजली की मांग को व्यवस्थित किया जाए सकेगा और लोगों को हो रही लो वोल्टेज परेशानी से निजात मिलेगी। खास बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बिजली गुल होते ही कई घंटों तक सुधार कार्य नहीं हो पाता है। सालों पुराने ट्रांसफार्मर को बदला नहीं गया है, ऐसे योजना के तहत इन ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही बेलपान, गनियारी, मटियारी व सकर्रा में 3.15 एमवीए ट्रांसफार्मर को 5 एमवीए में बदला जाएगा।

### यहां बनेंगे नए सबस्टेशन

मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के फेस 2 में में जोंधरा, उसलापुर,विजयपुर, पोंड़ी, सिलतरा, रोहरकला में 3.15 एमवीए क्षमता के नए सबस्टेशन का निर्माण किया जाएगा। इससे क्षेत्र में बिजली का विस्तार संभव होगा और कई जगहों पर डबल सप्लाई भी शुरू होगी। खास बात यह है कि इससे इन क्षेत्रों के करीब 20 से 25 किमी लंबी 11 केवी लाइनों में बिजली सुधार संभव हो सकेगा।

### मिली है स्वीकृति

योजना के फेस 2 के तहत स्वीकृति मिली है, हम अब टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर रहे है। उच्च अधिकारियों के निर्देश के अनुसार जल्द से जल्द काम पूरा किया जाना है।

**-सुरेश कुमार जांगड़े**, एसई, ग्रामीण सर्किल

# एरीना एनीमेशन में गेम डिजाइन यूआई व एआई कोर्स लॉन्च

**एजुकेशन प्लस**

**बिलासपुर।** एरीना एनीमेशन अकादमी ने विद्यार्थियों के लिए आधुनिक युग की मांग को ध्यान में रखते हुए गेम डिजाइन, यूआई, यूएक्स डिजाइन और जेनरेटिव एआई जैसे नवीनतम कोर्स प्रारंभ किए हैं।
वहीं दूसरी ओर पिनैकल डिजाइन एरीना के अंतर्गत बी.वॉक डिग्री प्रोग्राम में भी प्रवेश प्रारंभ है।
अकादमी के प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने बताया कि इस डिग्री कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को एरीना एनीमेशन का ड्यूल सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा।
बी.वॉक कोर्स तीन विषयों— एनीमेशन, इंटीरियर डिज़ाइन और फैशन डिज़ाइन में उपलब्ध है।
विद्यार्थियों की सुविधा और प्रोत्साहन के लिए संस्थान ने एक आकर्षक योजना 1+1 फ्री स्कीम भी प्रारंभ की है। इस योजना के अंतर्गत किसी भी एक कोर्स में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी को एक अतिरिक्त कोर्स निःशुल्क दिया जाएगा। यह योजना छात्रों के करियर को और अधिक बहुआयामी और अवसरपूर्ण बनाने का सुनहरा अवसर है। एरीना एनीमेशन की सबसे बड़ी उपलब्धि इसका उत्कृष्ट प्लेसमेंट रिकॉर्ड है। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और कौशल के दम पर देश विदेश के शीर्ष कंपनियों में कार्य कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है।
वहीं भारत के प्रमुख मेट्रो शहरों की नामी प्रोडक्शन हाउस और आईटी कंपनियों में भी कार्यरत हैं। यह प्लेसमेंट सफलता एरीना एनीमेशन बिलासपुर को प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में विशिष्ट पहचान दिलाती है।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 1 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




जय मां बम्लेश्वरी करबला।


शिवदुति दुर्गा उत्सव समिति साइंस कालेज ग्राउंड।


कस्तुरबा नगर मां दुर्गा उत्सव समिति।


नवयुवक दुर्गा उत्सव गोलबाजार


मध्य भारत मां दुर्गा इमलीपारा


मां दुर्गा जेल चौक


जय अम्बे दुर्गा उत्सव मंगला।


मां दुर्गा उत्सव जरहाभाठा।


मां दुर्गा उत्सव सोनगंगा कालोनी।


कारगिल विजय दुर्गा उत्सव समिति तिफरा।


नवीन दुर्गा उत्सव समिति तेलीपारा


समर्पण दुर्गा इमलीपारा


शहीद चौक दुर्गा देवकीनंदन


विजय दुर्गा उत्सव बृहस्पति बाजार


एकता दुर्गा चांटीडीह

# अष्टमी पर देवी की महागौरी के रूप में की गई पूजा

**शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर देवी की महागौरी के रूप में पूजा की गई। वहीं श्रद्धालु भक्त छोटी-छोटी कन्याओं को देवी मां का रूप मानकर पूजा की एवं उन्हें भोजन कराया। कई लोगों ने भण्डारा कर प्रसाद बांटे व व्रत रखा। काली मंदिर में चल रहे भण्डारे में प्रसाद लेने लोगों की भारी भीड़ रही।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन को अष्टमी, दुर्गाष्टमी या महा अष्टमी के नाम से जाना जाता है। नवरात्रि या दुर्गा पूजा में अष्टमी-नवमीं तिथि का खास महत्व है। इन तिथियों में मां महागौरी की पूजा, कन्या पूजन व हवन किया गया। मान्यता है कि कन्या पूजन करने से घर में सुख-शांति आती है। दरिद्रता दूर होकर धन-संपत्ति में वृद्धि होती है। जिन घर में कन्याओं का आदर-सत्कार किया जाता है। वहां देवी लक्ष्मी और दुर्गा का वास होता है।


राजेंद्रनगर दुर्गा उत्सव समिति





## अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना संगठन का कन्याभोज



अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना संगठन द्वारा कन्या भोज का आयोजन किया गया। आयोजन में अंतरराष्ट्रीय वीरांगना अध्यक्ष संध्या सिंह, महामंत्री, माया सिंह, गीता सिंह, आदि समाज की वीरांगना बहने शामिल थी। इस तरह के आयोजन से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद मिलती है व कन्याओं का सम्मान होता है।

## महिला मंडल ने भजन संध्या में की माँ दुर्गा की आराधना



सरकंडा स्थित छत्तीसगढ़ दुर्गा उत्सव समिति परिसर में शिव-हनुमान साईं मंदिर की महिला मंडल ने माँ दुर्गा की पूजा-अर्चना की। महिलाएं आरती और भजन संध्या में शामिल हुईं। ढोलक-मंजीरे की थाप और माता के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने माता से सुख-समृद्धि और मंगल की कामना की।

## भक्ति से सराबोर 'आर्ट ऑफ लिविंग का नवरात्रि महोत्सव'



आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम कोटा रोड पेंडारी में तीन दिवसीय आर्ट ऑफ लिविंग का नवरात्रि महोत्सव सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रतिदिन लगभग 400 भक्तों ने सहभागिता कर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। महोत्सव के दौरान गणेश होम, नवग्रह होम, लक्ष्मी होम, रुद्र होम, सुदर्शन होम तथा महा चंडी पारायण एवं हवन का आयोजन हुआ। सभी अनुष्ठान बैंगलोर आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम से पधारे स्वामी चिदभवानंद जी एवं विद्वान पंडितों के मंत्रोच्चारण और विधि-विधान के साथ सम्पन्न किए गए। इस अवसर पर भक्तगण घंटों ध्यानमग्न होकर भक्ति रस में सराबोर रहे। कन्या पूजन, दंपत्ति पूजन और सुहागिन पूजन भी विशेष रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीचर रूपा सिंह, सुरेश साहू, यश मिश्रा, धरमवीर सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, डॉ. बी.बी. अग्रवाल समेत कई टीचर्स और वॉलंटियर्स का अहम योगदान रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने स्वामी चिदभवानंद से आशीर्वाद लिया और आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के प्रयासों की सराहना की। मार्क हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ कमलेश मौर्य विशिष्ठ अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

## श्री पीतांबरा पीठ त्रिदेव मंदिर में नवमी पर पूजन आज



श्री पीतांबरा पीठ सुभाष चौक सरकंडा त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव 1 अक्टूबर तक हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि इस अवसर पर नवरात्रि के अष्टमी तिथि पर श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन और श्रृंगार आठवें स्वरूप महागौरी देवी के रूप में किया गया। साथ ही प्रतिदिन प्रातःकालीन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, पूजन और परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का पूजन और श्रृंगार किया जा रहा है। श्री सिद्धिविनायक का पूजन और श्रृंगार, श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती राजराजेश्वरी, त्रिपुरसुंदरी देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारियापूर्वक अभिषेक किया जा रहा है। नवमी के पावन पर्व पर कन्या पूजन एवं भोजन एवं भंडारा का आयोजन किया जाएगा। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉक्टर दिनेश महाराज ने बताया कि नवमी तिथि पर ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का पूजन श्रृंगार सिद्धिदात्री देवी के रूप में किया जाएगा।

## कान्य कुब्ज महिलाओं ने पारंपरिक वेश में किया गरबा




नवयुवक कान्य कुब्ज समाज की महिलाओं ने धूमधाम से गरबा उत्सव मनाया। इसमें समाज की महिलाओं, श्याम दीवानी ग्रुप की लड़कियों एवं आदिशक्ति ग्रुप के छोटे बच्चों ने पारंपरिक वेश में गरबा किया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि पूजा विधानी एवं विशिष्ट अतिथि शिल्पी तिवारी ने दुर्गा मां की पूजा-अर्चना कर की। अतिथियों का स्वागत पुष्प एवं चुनरी भेंट कर समाज की अध्यक्षा किरण बाजपेई, डॉ आरती पांडेय, नमिता वाजपेई एवं ममता तिवारी ने किया। बीनू तिवारी, नित्या शुक्ला एवं दर्शना अवस्थी ने एकल नृत्य प्रस्तुत किया। शताक्षी ग्रुप प्रथम, मां अंबे ग्रुप द्वितीय एवं मां भवानी ग्रुप तृतीय स्थान पर रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज की अध्यक्षा चंद्रकिरण बाजपेई, कार्यकारी अध्यक्ष नमिता बाजपेई, संरक्षिका डॉ आरती पांडेय, सचिव ममता दुबे, कोषाध्यक्ष मधु अवस्थी,



सुरेखा दीक्षित, उषा किरण बाजपेई, सुमन, मृदुला अवस्थी, भारती दीक्षित, रिद्धि बाजपेई, उर्मिला तिवारी, वंदना मिश्रा, वंदना शुक्ला निधि अवस्थी, रेणुका, किरण, अंशु, प्रगति शुक्ला, सत्यवती त्रिवेदी, इंदु मिश्रा, दीपा तिवारी, नेहा, अंशु मिश्रा, रामानी, भावना पांडेय, आकांक्षा मिश्रा, समाज के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित सचिव राजेश शुक्ला, प्रभात मिश्रा, टिंकू दुबे, गुड्डू तिवारी, सौरभ मिश्रा, अजय शुक्ला का योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन गायत्री तिवारी ने किया।

## गरबा मां दुर्गा के प्रति सम्मान का प्रतीक



आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा ने त्रिपुंड सदन राजकिशोर नगर में गरबा डांडिया नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री एवं प्रदेश प्रभारी रेखेन्द्र तिवारी, महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय सचिव शोभा त्रिपाठी, प्रदेश अध्यक्ष प्रिया शर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष दिव्या चतुर्वेदी ने विशेष रूप से भाग लिया। दीप प्रज्ज्वलित व मां दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्री तिवारी ने कहा कि नवरात्रि पर्व का सनातन धर्म में बहुत महत्व है। यह पर्व देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा के लिए समर्पित है। गरबा मां दुर्गा के प्रति भक्ति एवं सम्मान का प्रतीक है। अन्य पदाधिकारियों ने भी अपने विचार रखे। बी महेश ने भजन गाया। विजयी प्रतिभागियों को वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुरस्कृत किया। प्रथम पुरस्कार सीमा तिवारी, द्वितीय दीपा पांडेय, तृतीय रश्मि शुक्ला एवं सांत्वना पुरस्कार सुलेखा शर्मा व साधना दुबे को दिया गया। इस अवसर पर शशि, श्याम सुंदर, संजय, दीपा, साधना, सूर्यप्रभा, पद्मजा, बुलूसू, सरला, सीमा, कृष्ण कुमार, मुकेश, कमलेश, नैना, विमलेश, निशा, अनुपम, मुस्कान, लता, शिवानी, सपना, कमल, सुलेखा, आरोही, सीमा, प्रेमलता, निहारिका, कृष्णा, संगीता, साकेत, समर उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कार ने बाइक को मारी टक्कर, 3 की हालत गंभीर

**तखतपुर।** किराना दुकान से सामान लेकर अपने घर लौट रहे तीन बाइक सवार युवकों को एक तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल बिलासपुर के सिम्स अस्पताल रिफर किया गया है। तखतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया निवासी प्रेमचंद बंजारे 25 वर्ष, अरुण कुमार 17 वर्ष और संत बंजारे अपनी दुपहिया पल्सर से जोरापारा से सामान लेकर वापस घर जा रहे थे। बिलासपुर की ओर से आ रही कार सीजी 04 पीजे 0609 के चालक ने वाहन चलाते हुए दुपहिया को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सूचना पर तखतपुर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और डायल 112 और पेट्रोलिंग गाड़ी की मदद से तीनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स बिलासपुर रेफर किया गया।

## निधन

### अंजू पांण्डेय

**बिलासपुर।** बंगालीपारा निवासी गौ सेवा से जुड़े शुभांश व शिवांश की माता श्रीमती अंजू पाण्डेय पति स्व. मुकेश पाण्डेय सोढ़ार वाले का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। जहां गौ सेवा से जुड़े अनेक कार्यकर्ता एवं परिवार के लोग मौजूद थे।



### लक्ष्मी नारायण देवांगन

**बिलासपुर।** कतियापारा मोपका नाका जूना बिलासपुर निवासी लक्ष्मी नारायण देवांगन (बुटू) का 30 सितंबर को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार मधुबनमुक्ति धाम में 1 अक्टूबर को सुबह 9 बजे किया जाएगा। वे शंकर, शम्भू, त्रिलोकी, गुल्लु,महेंद्र, सुरेंद्र के पिता थे।



## नवरात्र शक्ति की भक्ति का पर्व : अशोक

# महामाया मंदिर सकरी में जससजीत प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सकरी



सिद्ध शक्ति मां महामाया देवी मंदिर समिति सकरी में नवरात्र के अवसर पर सप्तमी को जसजीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष एवं महामाया समिति के संरक्षक अशोक अग्रवाल, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी,विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत तखतपुर उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रवि मेहर,जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी, समाजसेवी सौरभ पाण्डेय के आतिथ्य में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अशोक अग्रवाल ने कहा कि नवरात्रि शक्ति के भक्ति का पर्व है यह भारतीय संस्कृति की शक्ति,नारी सम्मान और आत्मबल का प्रतीक है ऐसे आयोजन से हमारी परंपराएं जीवित रहती है और हमें अपने संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिलता है।जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी ने कहा कि यहां वर्षों से नवरात्र पर्व में यह आयोजन होते आ रहा है आयोजन समिति को उन्होंने बधाई दी। जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि जसगीत जैसे आयोजन समाज में समरसता और भक्ति भाव का संचार करते है हमारी संस्कृति में गीत संगीत के माध्यम से देवी आराधना की अनूठी परंपरा रही है।समाजसेवक सौरभ पाण्डेय ने कहा कि इस गौरवशाली परंपरा को समिति ने बनाए रखा है इसके लिए समिति बधाई का पात्र है। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष रवि मेहर,जोन अध्यक्ष दिलीप कोरी,सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष मनीष तिवारी,पूर्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सतीश सोनकर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व पार्षद संतोष सूर्यवंशी एवं आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष श्रवण सूर्यवंशी एवं सचिव जितेन्द्र सूर्यवंशी ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। ज्योति कक्ष के लिए विधायक ने दिया दस लाखः- क्षेत्रीय विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह विगत सत्र महामाया मंदिर परिसर में ज्योति कक्ष के लिए विधायक निधि से दस लाख रूपये दिए थे जो कि निर्माणाधीन है इस सत्र भी उनके द्वारा 10 लाख रूपये डी एम एफ मद से स्वीकृति करने कलेक्टर को अनुशंसा किया गया है। प्रतियोगिता में पदमपुर रहा प्रथमः- समिति द्वारा आयोजित जसजीत प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार केजराम साहू एवं अनीता साहू मोमेंटो , श्री फल व 3100 रुपए नगद ग्राम पदमपुर, द्वितीय पुरस्कार बेना बाई सूर्यवंशी एवं साथी मोमेंटो, श्री फल एवं 2100 रुपए नगद ग्राम बैमा नगोई , तृतीया पुरस्कार हेमलाल सूर्यवंशी एवं साथी मोमेंटो , श्री फल एवं 1100 रुपए नगद सभी प्रतियोगी टोलियों को सांत्वना पुरस्कार , श्री फल एवं 200 रुपए नगद टोटल 25 प्रतियोगी गायन टोलियों को प्रदान किया गया। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष श्रवण कुमार सूर्यवंशी , कोषाध्यक्ष उम्मेद सूर्यवंशी, सचिव जितेंद्र सूर्यवंशी , पुन्नीलाल ,नर्मदा लास्कर,साहू लाल, परमेश्वर सेन, कृष्णा ,संतोष भास्कर कन्हैया सूर्यवंशी ,शंकर सूर्यवंशी रामझूल उपस्थित थे।

## अटल ने श्रद्धालुओं को कराया मां महामाया का दर्शन



विस क्षेत्र के लोगों के लिए शुरू की गई निशुल्क बस सेवा

**बिलासपुर।** कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव की ओर से नवरात्रि के अवसर पर कोटा विधानसभा के श्रद्धालुओं के सुगम एवं सुलभपूर्वक मां महामाया देवी के दर्शन हेतु निशुल्क बस की सुविधा प्रारंभ की गई। निशुल्क बस सुविधा रतनपुर कोटा एवं बेलगहना मार्ग पर 27 सितम्बर पंचमी से लेकर 29 सितम्बर सप्तमी तक चलाई गई थी। निशुल्क बस सुविधा से हजारों श्रध्दालुओं ने मां महामाया का दर्शन लाभ प्राप्त किया।

क्षेत्रवासियों ने निशुल्क बस सुविधा प्रारंभ करने पर विधायक अटल श्रीवास्तव की सराहना की एवं उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर अटल श्रीवास्तव ने कहा कि, मां महामाया के प्रति क्षेत्रवासियों की आस्था एवं विश्वास को देखकर सुगम एवं सरलतापूर्वक श्रध्दालुओं को मां महामाया देवी के दर्शन कराने हेतु एक छोटी सी सेवा सुविधा प्रारंभ की गई थी।



## काली मंदिर प्रांगण में जगराता कार्यक्रम

बोदरी। नवरात्रि की सप्तमी पर काली मंदिर प्रांगण में जगराता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक गायक पिलू राम वर्मा हेमा साहू लक्ष्मी रानू वर्मा ने प्रस्तुति दी।

जगराता में गांव के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित होकर जगराता कार्यक्रम का हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य हेमंत दीक्षित रहे। अध्यक्षता भारती दीपक रजक ने की। कार्यक्रम में सेवक के रूप में समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे हैं। जगराता कार्यक्रम में माता जी के भव्य गीतों के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। रितेश दीक्षित अमित दीक्षित दीपक रजक भूपेन साहू आदित्य वर्मा ललित विश्वकर्मा अश्वनी वर्मा चिंता वर्मा पिंटू रजक आलोक वर्मा वाशु रजक मुकेश निर्णेजक ज्ञानेश्वर साहू रामेश्वर रजक शिवम् तिवारी गिरधर रजक सहित अन्य लोग सेवक व सहयोगी रहे।

## राजयोग सर्व योगों एवं विद्याओं का राजाः शशिप्रभा



**मस्तूरी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय कोटमी सुनार द्वारा स्टेशन मोहल्ला मार्ग पर चैतन्य देवियों की झांकी लगाई गई है। नवरात्र पर्व पर श्रद्धालुओं ने चैतन्य देवियों की झांकी में मां दुर्गा, मां लक्ष्मी, मां सरस्वती, मां काली के दर्शन किए। राजयोग का अभ्यास कर रही ब्रह्माकुमारी बहनें चैतन्य मूर्ति रूप में विराजित होती हैं। बहनें संपूर्ण एकाग्रता एवं आदिशक्ति, शिवप्रिया आदि के रूप में विराजित होती हैं। 'श्रीमद भगवत गीता सार-सुखद जीवन का आधार' ज्ञान यज्ञ की कथा वाचिका शशिप्रभा दीदी ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गीता में सिखाए गए ध्यान योग और राजयोग के बारे में समझाया। उन्होंने कही कि, भगवान इस धरा पर आकर राजयोग की विद्या सिखाते हैं। राजयोग सर्व योगों का राजा है, सर्व विद्याओं का राजा है एवं उसमें ज्ञान योग, बुद्धि योग, समत्व योग, हठयोग आदि समाहित है। इस अवसर पर दौरान गीता ज्ञान श्रवण कर रहे श्रद्धालुओं में उमंग उत्साह और हर्ष का वातावरण रहा।

## 13 दिन के भीतर होटल में दूसरी बार चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीपत

क्षेत्र का थाना चौक, जिसे आम तौर पर सुरक्षित माना जाता है, वहां लगातार हो रही चोरी ने सीपत के लोगों को भयभीत कर रखा है। इसी क्रम में एक होटल में चोरी व तोड़-फोड़ की वारदात सामने आई है।

जानकारी के अनुसार गुड़ी निवासी अनिल रजक सोमवार रात 9 बजे होटल बंद कर अपने घर चले गए। मंगलवार सुबह जब उन्होंने होटल खोला तो देखा कि, होटल के पीछे की एलबेस्टर शीट तोड़कर अंदर घुस कर चोरों ने तीन गल्ले तोड़कर 500 रुपए चुरा लिए। साथ ही दुकान में रखे अन्य सामनों में भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। होटल संचालक ने बताया कि, विगत 17 सितंबर को भी उनके होटल में चोरी हुई थी, जिसमें चोरों ने 20 हजार रुपए उड़ा दिए थे। लगातार दो बार चोरी होने से होटल संचालक और आसपास के दुकानदारों में भारी चिंता और नाराजगी है। अनिल रजक ने घटना की शिकायत सीपत थाने में दर्ज कराई है। थाना प्रभारी गोपाल सतपथी ने बताया कि, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। हम फुटेज और अन्य सुरागों की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। जनता से अपील है कि, संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत हमें सूचित करें।

## घोघरा में हास्य कवि सम्मेलन, देर रात लगते रहे ठहाके



**बिलासपुर।** स्व रामकुमार एवं कमला देवी गुप्ता की स्मृति एवं नवरात्र के पावन अवसर पर ग्राम घोघरा में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें देर रात तक लोग ठहाके लगाते रहे एवं हंस-हंस कर लोट पोट होते रहे। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कवि सनत तिवारी शामिल हुए एवं अध्यक्षता नागेंद्र गुप्ता ने की।

गौरतलब है कि, घोघरा की भूमि में पहली बार हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसका पूरे ग्रामवासियों ने भरपूर आनंद उठाया। हास्य कवि बालमुकुंद श्रीवास के संचालन एवं उनके व्यंग्य को सुनकर ग्रामवासी लोट पोट होते रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अनिता केशरवानी ने माता की वंदना के साथ की। कवि सम्मेलन में प्रथम कवि के रूप में अंचल के सुप्रसिद्ध गीतकार मनोहर दास मानिकपुरी ने अपने अंदाज में छत्तीसगढ़ी गीत 'मैं रइथव गंवई गांव मा मोर नाव हे गवइहा' गीत से खूब तालियां बटोरी। इसके बाद मुंगेली से पधारे कवि राकेश गुप्त निर्मल ने अपनी गीतों व गजलों से लोगों को आकर्षित किया। उन्होंने 'रहे होली या दिवाली, चीजें लाना भारत वाली' गीत प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। तीसरे क्रम में अंचल के प्रसिद्ध कवि एवं गीतकार जागरण दाहिरे ने अपने व्यंग्यात्मक अंदाज में 'नानपन मा जे कहावै छोकरा, पाकगे चुंदी कहाथे डोकरा' कविता के माध्यम से गांव का चित्रण कर श्रोताओं का खूब मनोरंजन किया।

वरिष्ठ कवि सनत तिवारी ने छत्तीसगढ़ी गीत के माध्यम से जनमानस को एक संदेश देने का सार्थक प्रयास किया। मंच का सफल संचालन करते हुए युवा कवि बालमुकुंद श्रीवास ने पत्नी पर व्यंग्यपूर्ण कविताएं सुनाई, जिसे सुनकर लोगों ने खूब तालिया बजाई। अंत में ग्राम घोघरा के सरपंच शत्रुघ्न साहू ने आभार प्रदर्शन किया। आयोजन के सफल बनाने ईश्वर साहू, खुशराम साहू, कृष्णा साहू, छोटू साहू, अशोक, मंत राम साहू एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष और सराहनीय योगदान रहा।



## सप्तमी और महाअष्टमी को 100 से ज्यादा स्थानों पर दुर्गा पूजा में शामिल हुए त्रिलोक

**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि पर जिले के विभिन्न स्थानों पर दौरे पर रहे।

इस दौरान उन्होंने सप्तमी एवं महाअष्टमी के दौरान बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा, बिल्हा मस्तूरी विधानसभा के 100 से ज्यादा स्थानों, ग्राम महमंद, मानिकपुर, ढेका, कोरमी, बसिया, लिमतरी, धूमा सिलपहरी, पौंडी, फदहा, मगरउछला, बननाकडीह आदि कई ग्रामों में जाकर 100 से ज्यादा दुर्गा पंडाल में पहुंचकर मां दुर्गा की आरती में शामिल हुए एवं हजारों लोगों से मुलाकात की। प्रत्येक ग्राम में त्रिलोक श्रीवास, सहयोगियों का स्वागत किया गया। इस दौरान नंदकिशोर वर्मा पंडित जितेंद्र विष्णु साहू केशव पांडे विनय यादव मुन्ना श्रीवास हरबंस आई एम शर्मा जीतू चरण सिंह राज सोम गेंदले विजय तिवारी विनय यादव पथ किशन छोटे लाल यादव विकास यादव कमल यादव टीकाराम यादव हेमंत कौशिक विनय यादव गोपी यादव विकास साहू यादव सनी यादव गोलू साहू राजेश रजक लक्ष्मण यादव किशोर यादव सुमित यादव लवकुश छवि श्रीवास सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## साहू समाज केंद्र पाराघाट के अध्यक्ष बने शिवनारायण



**सीपत।** साहू समाज केंद्र पाराघाट की बैठक सोमवार को एरमसाही में बड़े उत्साह और भाईचारे के माहौल में संपन्न हुई। बैठक में समाज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें शिवनारायण साहू को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। साथ ही उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी शिव साहू को सौंपी गई।

वहीं महिला उपाध्यक्ष के रूप में कीर्तन साहू का चयन किया गया। कोषाध्यक्ष बद्री साहू, सचिव कोमल प्रसाद साहू, संगठन सचिव रेवाशंकर साहू और त्रिवेणी साहू को नियुक्त किया गया। वहीं लोभेराम साहू को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में समाज के विभिन्न ग्राम इकाइयों से पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे, जिनमें सीपत से संतोष साहू, मड़ई से लक्ष्मी साहू, शालिक साहू, बिहारी साहू, शेषनारायण साहू, नवागांव से विनोद साहू, दर्राभांठा से घनश्याम साहू विशेष रूप से शामिल रहे। सभी ग्राम इकाइयों के पदाधिकारियों ने नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाज की एकजुटता और विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शिवनारायण साहू ने कहा कि, यह मेरे लिए गर्व और जिम्मेदारी का क्षण है।

समाज ने जो विश्वास जताया है, उस पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा। संगठन सचिव रेवाशंकर साहू ने कहा कि, समाज की ताकत उसकी एकता है। कार्यकारिणी समाज की बेहतरी और युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर कार्य करेगी।

## गुड़ी में तीन दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ 4 से

**सीपत।** एनटीपीसी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुड़ी की मानस प्रचार प्रसार समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय श्रीरामचरित मानस सम्मेलन एवं राम कथा का भव्य आयोजन आगामी 4 से 6 अक्टूबर 2025 तक किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम गुड़ी स्थित कमल-छाया श्याम फार्म हाऊस में प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक होगा। इस दौरान पं. मधुसूदन दास शास्त्री अयोध्या, पं. मदनमोहन मिश्र वाराणसी, पं. नरेन्द्र शुक्ला बेमेतरा व पं. दिनेश गोस्वामी जांजगीर अपनी वाणी श्री राम की महिमा का गुणगान करेंगे। 4 अक्टूबर शनिवार को शाम 7:00 से 7:30 बजे स्थापना एवं पूजा-अर्चना की जाएगी। उसके बाद कथा का शुभारंभ होगा। यह जानकारी समिति के अभिलेश यादव एवं मन्नू सिंह ने दी।

### बीआरसी के पद पर हुई सूरज की नियुक्ति

मस्तूरी। मस्तूरी अंतर्गत दर्रीघाट स्कूल में पदस्थ संकुल समन्वय सूरज सिंह क्षत्रीय को छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग ने बीआरसी के पद पर नियुक्ति करते हुए स्थानीय विकासखंड स्रोत में पदस्थ किया है। विखं शिक्षा अधिकारी शिवराम टंडन ने सोमवार को सूरज सिंह क्षत्रीय को पदभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर बीईओ शिवराम टंडन, शिक्षक राजेश सिंह, सुचित्र सिंह चंदेल, धनंजय सिंह राठौर, हिमांशु शर्मा, चंद्रकुमार चंद्राकर, जैनेन्द्र कुमार गुप्ता, कमलेश खोबरागड़े ने उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि, विकासखंड स्रोत केंद्र में पूर्व में पदस्थ बीआरसी 31 मार्च को रिटायरमेंट हो गए थे, जिसके चलते यह पद खाली था।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह सितम्बर 2025 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह सितम्बर 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2025 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

// ईश्तहार //

क्रमांक/क/अति.तह./वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 26/09/2025
रा.प्र.क्र/ब-121/2024-25
ग्राम- मंगला, प.ह.नं.-35

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.नं.-35 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील व बिलासपुर (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गायत्री शर्मा पति स्व.श्री छत्रपाल शर्मा, निवासी दीनदयाल कॉलोनी मंगला बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अपने पुत्र योगेन्द्र कुमार पिता स्व. श्री छत्रपाल शर्मा के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWSs) के लिये आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वतः या अपने. अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 09/10/2025 को दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 26/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

:: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्रं. 202509250500003-2/ 2024-25
ग्राम किरना .प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. प्रमोद कुमार अग्रवाल पिता बालमुकुंद अग्रवाल निवासी बिल्हा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा ग्राम किरना प.ह.न. 13 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 152/1, 152/4 रकबा 0.0850, 0.3240 हे. कुल रकबा 0.409 हे. को औद्योगिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15/10/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा)
पथरिया, मुंगेली (छ.ग.)

**-// शपथपत्र //-**

मैं आकांक्षा आनन्द, उम्र 39 वर्ष, पिता अनिल कुमार दुआ, निवासी - मकान नं-06, आदर्श कालोनी, वार्ड नं-37, पुराना हाई कोर्ट रोड, तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूँ जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूँ-

1. मेरे विवाह पूर्व का नाम अकांक्षा दुआ था।
2. यह कि मेरा विवाह पश्चात मेरा नाम आकांक्षा आनन्द हो गया है।
3. यह कि उपरोक्तानुसार अकांक्षा दुआ एवं आकांक्षा आनन्द दोनो एक ही व्यक्ति है जो कि मैं स्वयं हूँ तथा उक्त दोनो नाम, केवल मुझसे ही संबंधित है।
4. यह कि भविष्य में मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय एवं अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम आकांक्षा आनन्द के नाम से जाना व पहचाना जाए।
5. यह कि मैं यह शपथपत्र अपनें नाम के स्पष्टीकरण हेतु निष्पादित कर पेश कर रही हूँ।

आकांक्षा आनन्द
मकान नं-06, आदर्श कालोनी, वार्ड नं-37,
पुराना हाई कोर्ट रोड,
तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित हो, कि मौजा मोहभट्ठा (सरगांव) प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. व तहसील सरगांव, जिला मुंगेली में खसरा नं. 351 जिसका रकबा 0.534 हेक्टेयर भूमि स्थित है। जो राजस्व अभिलेखों में मुरलीधर बजाज, पिता भुरामल बजाज निवासी-बिल्हा एवं शांतनू खण्डेलवाल, पिता-सुधीर खण्डेलवाल, निवासी बिलासपुर दोनों निवासी जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर भूमिस्वामी हक से दर्जशुदा भूमि है एवं मौजा सरगांव प.ह.नं.12, रा.नि.मं. व तहसील सरगांव, जिला-मुंगेली में खसरा नं. 421/1,2 421/3, 425/1, 425/2 जिसका रकबा 0.303, 0.300, 0.045, 0.045 (कुल रकबा 0.693) हेक्टेयर भूमि स्थित है। जो राजस्व दस्तावेजों में अजय सिंह पिता रामजीत सिंह कुशवाहा निवासी-बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर भूमिस्वामी हक से दर्जशुदा भूमि है। जिनको (सभी भूमियों को) मेरे आसामी संतोष बंसल, पिता स्व.रामेश्वर बंसल निवासी-बिल्हा मोड़ हिर्री, तहसील-बिल्हा, जिला बिलासपुर (म.प्र.) द्वारा उपरोक्त उल्लेखित भूमि स्वामियों से क्रय किये जाने की पूर्ण बातचीत कर अग्रिम बयाना राशि अदा किया जा चुका है। तथा उक्त भूमि का पंजीयन यथाशीघ्र क्रेता द्वारा अपने पक्ष में निष्पादन करा लेगा।

यदि उक्त संव्यवहार में किसी भी व्यक्ति, संस्था या वित्तीय संस्थान को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेज निम्न कार्यालय पर आपत्ति दर्ज कराकर पावती प्राप्त करें। अन्यथा क्रेता के पक्ष में निष्पादित विक्रय पंजीयन के उपरांत की जाने वाली सभी उजर, दावा अथवा आपत्ति स्वयमेव शून्य होगी।

सो सूचना जानें।

दिनांक: 01/10/2025
कविता बंसल (अधिवक्ता)
बिल्हा मोड़, हिर्री, बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं. 7987767853

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपनी आसामी गुरुबक्श सिंह गारचा, पिता स्व. एच.एस. गारचा निवासी चमकौर साहिब जिला रूपनगर पंजाब की ओर से मुख्तियार आम पुत्र सुखीन्दर सिंह गारचा निवासी मकान नम्बर 1039 सेक्टर 36 सी चंडीगढ़ से अधिकृत एवं निर्देशित होकर उनके बताये एवं दस्तावेज उपलब्ध कराये अनुसार यह सूचना पत्र प्रकाशित कराता हूँ कि मेरे पक्षकार मौजा बेलमुण्डी प.ह.नं. 38 रा.नि.म. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नम्बर 400/2 रकबा 1.0110 हे. भूमि को संतराम आ. भुवन सूर्यवंशी एवं अन्य हिस्सेदारों से दिनांक 15/06/2017 को पंजीकृत बैनामा से क्रय कर आधिपत्य में चला आ रहा है, जिसका नामांतरण क्रमांक 17 आदेश दिनांक 16/10/2017 को प्रमाणीकरण होकर मेरे पक्षकार केता के नाम पर दर्ज हो गया किन्तु ऑन लाईन में त्रुटिवश विक्रेतागण संतराम, विजय, जानी बाई, सुमन एवं अन्य हिस्सेदारों के नाम दर्ज हो गया है जिसे सुधार करने हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. तखतपुर के न्यायालय में रा.प्र.क्र. 202412074300028/0751/ एपीएल/अ-6अ/ 2024-25 गुरूबक्श सिंह गारचा वि. संतराम वगैरह लंबित में दिनांक 30/10/2025 को सुनवाई हेतु नियत है, फिर भी संतराम पिता भुवन, विजय पिता पूरन, जानी बाई पिता पूरन, सुमन पिता पूरन, मालतीन बाई आ. पूरन, राधेश्याम पिता भुवन, हरप्रसाद पिता भुवन, रामप्रसाद पिता भुवन, रामकुमार पिता भुवन शांति बाई आ. भुवन निवासी बेलमुण्डी अमित भारते आ. बोधराम निवासी सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. ने बिक्री करने का प्रयास कर रहे है इसलिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम बेलमुण्डी में स्थित खसरा नम्बर 400/2 रकबा 1.0110 हे. भूमि को कोई भी व्यक्ति, संस्था समिति क्रय रहन गहन न करें यदि कोई भी व्यक्ति रहन, गहन, बंधक, क्रय करते है तो वह स्वयं जिम्मेंदार होगा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा।

सो इत्तला जाने।
दिनांक: 30/09/2025

भवदीय
जुगल किशोर पाण्डेय
अधिवक्ता
ब्लाक कालोनी तखतपुर
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9589778647
मो. 7987442796

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**

-: विवाह सूचना का प्रकाशन:-

क्रमांक क/ /वाचक/अति-कले./2025
बिलासपुर, दिनांक 16.09.2025

श्री शैलेष कुमार गिरी आत्मज श्री ओम प्रकाश गिरी उम्र 41 वर्ष निवासी म.नं. 08 महामाया होम्स हांफा रोड उस्लापुर थाना एवं तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं कुमारी प्रियंका कमल आत्मजा श्री रामफल कमल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम मोहतरा थाना तहसील मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम-1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनांक 23.10.2025 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।



शैलेष कुमार



प्रियंका कमल

अतिरिक्त कलेक्टर एवं
विवाह अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार नारायण सिंह आ. स्व. रामसहाय निवासी बांधा तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित कर रहा हू कि मेरे पक्षकार ने मौजा बांधा प.ह.नं. 05 रा.नि.मं. विजयपुर तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. मे नरेन्द्र कुमार के नाम पर स्थित भूमि खसरा नं. 361/2, 364 रकबा 1.31, 0.08 ए. को नाबालिग दीपक कुमार पिता नारायण सिंह वली नारायण सिंह के नाम पर दिनांक 12/03/1981 को एवं खसरा नं. 361/6 रकबा 0.05 ए. को चमार सिंह से दिनांक 26/03/1993 को पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया था, जिस संबंध मे मेरे पक्षकार ने माननीय व्यवहार न्यायाधीश तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के न्यायालय मे नारायण सिंह राठौर विरूद्ध दीपक कुमार वगै. व्य.वा.क्र. 21ए/2025 मे स्वत्व की घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा का वाद प्रस्तुत किए जिसमे सुनवाई हेतु दिनांक 07/10/2025 को जवाबदावा हेतु नियत है। उल्लेखित भूमि खसरा नं. 361/2, 361/6 एवं 364 को कोई भी व्यक्ति दीपक से क्रय करने, रहन गहन बंधक रखने का प्रयास न करें यदि कोई भी व्यक्ति, संस्था क्रय, रहन गहन बंधक करते हैं तो स्वयं ही जवाबदार होंगे। वादी पर दीपक सिंह पिता नारायण द्वारा कराये गये कोई भी निष्पादन मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगा। सो इतला जानिये।

भवदीय
जुगल किशोर पाण्डेय
अधिवक्ता
ब्लाक कालोनी तखतपुर
मोबा. नं. 9589786047,
7987442796

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)

रामेश्वरम् धाम यात्रा

श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,

राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### शिविर का सीएमएचओ ने किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत कोटा ब्लॉक के आदिवासी बाहुल्य इलाके शिवतराई में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने आसपास के गांवों के 3 सौ से अधिक महिला और बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। सीएमएचओ डॉ शुभा गरेवाल ने बताया कि शिवतराई में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस इलाकें में ज्यादातर आदिवासी परिवार हैं। हमने स्वस्थ्य नारी-सशक्त परिवार के तहत शिविर लगाया था। जिससे 312 महिलाओं का स्वास्थ्य जांच किया गया। इस दौरान बीपी 152 व सुगर जांच 142, कैंसर स्क्रीनिंग 86, एएनसी जांच 86, एनिमिया जाँच100, टीबी स्क्रीनिंग 162 महिलाओं की जांच की गई। वहीं आपरेटरों के द्वारा 52 आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में 4 विशेषज्ञ डाक्टर,सीएमएचओ डा शुभा गरेवाल, बीएमओ श्वेता सिंह सहित स्वस्थ विभाग के कर्मचारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मारपीटः दो युवती सहित 4 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सोशल मीडिया में मिर्ची पावडर डालकर दो युवतियों के द्वारा दो युवकों के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने नाबालिग, दो युवती सहित चार को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली सीएसपी गगन कुमार ने बताया कि 27 सितंबर को सोशल मीडिया में पुराना बस स्टैण्ड के पास दो युवतियों के द्वारा मिर्ची पावडर डालकर दो युवकों के साथ मारपीट करने का वीडियों वायरल हो रहा था। उसके बाद कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मारपीट करने वाली रीना साहू पिता संतोष साहू 22 साल यदुनंदननगर, ईसाक उर्फ पूनम पिता इदरिस खान 30 साल व्यापार विहार गीतांजली नगर, जितेश उर्फ संतोष कारके पिता राजूराम मंगला अभिषेक विहार मंगला व एक नाबालिग को पकड़कर प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से हमला

**बिलासपुर।** पुरानी रंजीश को लेकर एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू व लोहे के पंच से हमला कर दिया गया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार सदरबाजार निवासी सैफूल हक पिता फजल्लु हक 29 सितंबर को घूमने के लिए जूनी लाइन गए थे। इसी दौरान बलराम यादव मिला और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए चाकू व लोहे के पंच से उन पर हमला कर दिया। पुलिस ने हमलावर के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 118, 1, 296, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पैसा नहीं देने पर मारपीट युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शराब के लिए पैसा नहीं देने पर युवक से मारपीट करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली टीआई देवेश सिंह राठौर ने बताया कि यश पैलेश का मैनेजर गोवर्धन वैष्णव 55 साल 29 सितंबर को बिल पटाने जा रहा था। शारदा फर्नीचर के पास करबला निवासी अभय कुमार सिंह उर्फ सोनू 22 साल ने उन्हें रोककर शराब पीने के लिए पैसा मांगा। नहीं देने पर मारपीट कर दांत से काट दिया है। पुलिस ने हमलावर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

### महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी

**बिलासपुर।** दुर्गा प्रतिमा देखने गई महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार मगरपारा निवासी ललिता कोसले पति राकेश कोसले 29 सितंबर को दुर्गा प्रतिमा दर्शन करने निकली थी। रात 10.30 बजे मसानगंज पंचमुखी मंदिर के पास स्थित दुर्गा पंडाल के अंदर गई थी। दर्शन कर वापस निकलते समय भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात चोर ने उसके गले से सोने का 5 ग्राम वजनी मंगलसूत्र चोरी कर लिया गया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**जिला कोर्ट को मतदान केन्द्र बनाया गया** | **काउंसिल की 25 सीटों के लिए इस बार कुल 105 उम्मीदवार मैदान में, 8 कमेटियां बनेंगी**

# स्टेट बार काउंसिल के चुनाव में 16 हजार वकीलों ने डाले वोट, रिजल्ट में लगेगा एक माह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्टेट बार काउंसिल के चुनाव के लिए 6 साल बाद 30 सितंबर को वकीलों ने मतदान किया।

चुनाव में करीब 68 प्रतिशत वोटिंग हुई। इसमें कुल 23 हजार मतदाताओं में से लगभग 16 हजार मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया। मतगणना दशहरे के बाद शुरू होगी और रिजल्ट आने में एक महीने का समय लगने की बात कही जा रही है। इसमें काउंसिल की 25 सीटों के लिए फैसला होगा। ध्यान रहे कि इस बार कुल 105 उम्मीदवार मैदान में हैं। हर मतदाता ने 5 वरीयता देते हुए वोट डाला। इस दौरान जिला और हाईकोर्ट के वकीलों के लिए बिलासपुर में जिला कोर्ट को मतदान केन्द्र बनाया गया था। इसी तरह हर जिले में सभी जिला एवं सत्र न्यायालयों में मतदान केंद्र बनाए गए थे। एक मतपत्र में ही सभी उम्मीदवारों के नाम रखे गए थे। मतलब कि किस उम्मीदवार को वे 1 से 25 तक कौन से नंबर पर रख रहे हैं इसमें चुनाव करना था। अधिकतम रेटिंग वाले ही काउंसिल के मेंबर चुने जाएंगे।

गौरतलब है कि स्टेट बार काउंसिल के चुनाव पिछले 6 साल से नहीं कराने पर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच ने सख्त नाराजगी जताते हुए काउंसिल के सचिव से शपथ पत्र मांगा था। अब स्टेट बार काउंसिल के 25 पदों के लिए 6 साल बाद हो रहे इस चुनाव को लेकर काफी गहमागहमी रही। वर्ष 2019 में तत्कालीन स्टेट बार काउंसिल भंग हो गई थी, जिसके बाद से एक अंतरिम समिति परिषद का संचालन कर रही थी।



वोट करने पहुंचे धरम लाल कौशिक।



वोटिंग के लिए लगी अधिवक्ताओं की भीड़।

### मतगणना की तिथि तय ही नहीं

चुनाव के लिए 30 सितंबर की सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान हुआ। इसमें वकीलों ने लाइन में लगकर वोट डाला। खास तौर पर पहली बार वोट डाल रहे वकीलों में अधिक उत्साह देखा गया। हर केंद्र पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश या न्यायिक मजिस्ट्रेट पीठासीन अधिकारी थे। मतदान समाप्त होने के बाद सभी मतपेटियां कड़ी सुरक्षा के बीच स्टेट बार काउंसिल के स्ट्रांग रूम में रखी गईं हैं। इधर वरीष्ठ अधिवक्ता और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल वहाब खान ने कहा है कि मतगणना की तिथि तय ही नहीं है इसलिए इस बारे में मुख्य चुनाव अधिकारी, चैयरमैन स्टेट बार कौंसिल, छग विधिक परिषद से मांग की गई है। साथ ही पिछली बार जिस तरह से मतपत्रों से छेड़छाड़ हुई थी वैसा इस बार ना हो इसकी व्यवस्था की मांग की गई है।

### पांच साल का होगा काउंसिल का कार्यकाल

ज्ञात हो कि काउंसिल के 25 सदस्यों का चुनाव होगा। इन 25 सदस्यों में से एक बार काउंसिल ऑफ इंडिया का प्रतिनिधित्व करेगा। यही 25 सदस्य मिलकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष व बार काउंसिल ऑफ इंडिया के सदस्य का चुनाव करेंगे। बाकी सदस्यों को नए वकीलों का रजिस्ट्रेशन करने वाली इनरोलमेंट कमेटी, रूल मैकिंग कमेटी, वेलफेयर कमेटी, एक्जीक्यूटिव कमेटी समेत लगभग 8 कमेटियों में शामिल किया जाएगा। काउंसिल का कार्यकाल पांच साल का होगा। इसके बावजूद ढाई साल में काउंसिल के मेंबर चाहें तो पदाधिकारी बदल सकते हैं या यथावत रख सकते हैं।

---

**धूमधाम से मनाया जाएगा विजयादशमी पर्व, निकलेगी झांकी, होगी आतिशबाजी**

# निगम बना रहा 70 फीट का रावण, अमर करेंगे दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बरसों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस बार भी नगर निगम द्वारा धूमधाम से विजयादशमी पर्व मनाया जाएगा। इस बार नगर निगम द्वारा 70 फीट का रावण तैयार किया जा रहा है, जिसका दहन परंपरा अनुसार मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस ग्राउंड में किया जाएगा। पुलिस ग्राउंड में ही निगम द्वारा रावण भी तैयार किया जा रहा है।

- पुलिस ग्राउंड में होगा मुख्य आयोजन

नगर पालिक निगम बिलासपुर द्वारा बरसों से पुलिस ग्राउंड में सार्वजनिक दशहरा महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, जिसमें शहर और जिला ही नहीं बल्कि अंचल भर से लोग शामिल होते है। रावण दहन और आतिशबाजी को देखने दूर दराज से लोग पहुंचते है। विजयादशमी पर्व के अवसर पर इस बार भी नगर निगम द्वारा खास तैयारी की जा रही है। आयोजन को लेकर निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर अधिकारियों और कर्मचारियों को दायित्व सौंपा जा चुका है। गुरुवार को विजयादशमी के दिन शाम 6 बजे अतिथियों का आगमन होगा, उसके बाद उद्बोधन और भव्य आतिशबाजी की जाएगी। शाम 6.30 बजे रावण दहन किया जाएगा।



पुलिस मैदान में बनाया जा रहा है रावण ।

### झांकी के साथ भव्य आतिशबाज़ी

हर बार की तरह इस बार भी विजयादशमी पर्व के अवसर आयोजित कार्यक्रम मे नगर निगम द्वारा भव्य आतिशबाजी किया जाएगा। दहन के पूर्व लगभग 1 घंटे तक आतिशबाजी का कार्यक्रम रखा गया है। परपंरा अनुसार दोपहर तीन बजे तिलक नगर स्थित श्री राम मंदिर से श्री राम जानकी और लक्ष्मण की झांकी निकाली जाएगी जो शहर के मुख्य मार्ग से पुलिस ग्राउंड तक पहुंचेगी।

### रेलवे में 65 फीट का रावण



रेलवे के एनईआई ग्राउंड में 65 फीट रावण का दहन गुरुवार को किया जाएगा। हिन्दुस्तानी सेवा समिति प्रतिवर्ष रावण दहन का आयोजन रेलवे ने नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में करती है। रावण दहन के पूर्व बंगाली स्कूल के सामने मैदान में 9 दिन तक रामलीला का आयोजन किया जाता है, जिसमें राम, सीता, लक्ष्मण, हनुमान, सुग्रीव का किरदार निभाने वाले कलाकार मैदान से लेकर इंस्टीट्यूट तक जाते हैं। यहां रावण दहन के साथ ही रामलीला का भी समापन होता है। इस वर्ष एनईआई ग्राउंड में 65 फीट के रावण बनाने के साथ 20-20 फीट के मेघनाथ और कुंभकर्ण को भी बनाया जा रहा है, जिसे बनाने के लिए विशेष रूप से बाहर के व्यक्तियों को बुलाया गया है। गुरुवार की शाम रावण दहन का 75वां वर्ष है, जिसे अमृत उत्सव के साथ मनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल, अध्यक्षता दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश, विशिष्ट अतिथि बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम राजमल खोईवाल, महापौर पूजा विधानी, छत्तीसगढ़ लघु उद्योग संघ के अध्यक्ष हरीश केडिया, मुकेश अग्रवाल सहित रेलवे के अफसर और कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहेंगे।

### साइंस कॉलेज मैदान में 101 फीट का रावण



साइंस कॉलेज मैदान में 101 फीट का रावण दहन केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू तथा भाजपा के विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जाएगा। सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति अरपाचल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सरकंडा क्षेत्र के सभी 24 पार्षदों शामिल हो रहे हैं। राम दरबार की अलौकिक एवं मगनमोहक जीवंत झांकी निकलेगी। दशहरा महोत्सव में साइंस कॉलेज मैदान में गौरव जोशी का रावण दहन कार्यक्रम के पहले जगराता कार्यक्रम में भक्ति गीत संगीत की प्रस्तुति भी होगी।साइंस कॉलेज मैदान में सार्वजनिक दशहरा उत्सव समिति अरपाचल बिलासपुर के सदस्यों के द्वारा 2 अक्टूबर को रात्रि 8:00 बजे रावण दहन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जिसमें प्रमुख रूप से सरकंडा क्षेत्र के पार्षद राजेश शुक्ला श्याम साहू, रेखा ओम प्रकाश पांडे, विजय ताम्रकार ,तिलक साहू ,राजेश दुसेजा रूपाली अनिल गुप्ता, सुनीता जगत ,रेखा सूर्यवंशी , तिहारी जायसवाल, संगीता परिहार ,रमेश पटेल ,हेमंत मरकाम ममता अमित मिश्रा, कमला पुरुषोत्तम पटेल, श्रीमती मनोरमा विजय यादव ,श्रीमती रानी शैलेश देवांगन ,दिलीप पाटिल ,प्रीतेश सोनी ,जय वाधवानी ,सुनील सोनकर मोहन श्रीवास, उद्धव साहू, अंचल दुबे, और अरपांचाल क्षेत्र के क्षेत्र के सभी पार्षद कार्यक्रम के आयोजक हैं।

---

# करोड़ों की ठगीः फरार आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



शहर के रिहाईसी इलाके में 45 दिन में डबल राशि देने का झांसा देकर 100 से अधिक लोगों से 1 करोड़ से अधिक की ठगी करने वाला आरोपी एक माह अमृतसर, भोपाल में फरारी काटने के बाद कोर्ट में सरेंडर कर दिया। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया है।

ज्ञात हो कि 7 सितंबर को सिंधी कालोनी निवासी हरेश बजाज ने सिविल लाइन थाने में रिपोट लिखाई। डेढ़ साल पहले सिंधी कालोनी निवासी हीरा भगवानी व उसके सहयोगी मूरली लहेजा ने वेस्टीज कंपनी के प्रोडेक्ट प्रोडक्ट को खरीदने पर 90 दिन में डबल पैसा देने की बात कहीं। लालच में आकर कुछ लोग पैसा जमाकर प्रोडेक्ट खरीदना शुरू कर दिया। 90 दिन होने पर वह जमा हुए पैसा होकर लोगों को डबल रकम लौटाने लगा। उसके बाद उसने 45 दिन में डबल पैसा देने की योजना बनाई। उसके बाद बड़ी संख्या में सिंधी कालोनी, सरकण्डा, चकरभाठा व आसपास के लोग मोटी रकम जमा कर प्रोडेक्ट खरीदने लगे। उसके बाद वह कुछ लोगों को 45 दिन में पैसा डबल देने लगा। इससे और भी लोग प्रभावित हुए लोग उक्त कंपनी में 10 से 20 लाख रुपए जमा करने लग गए। उसके बाद वह लोगों को घूमाने लगा। उसने महज डेढ़ साल में 100 से अधिक लोगों से 1 करोड़ रुपए जमा कराने के बाद शहर छोड़कर भाग गया था। पुलिस उसके पतासाजी में लगी हुई थी। सोमवार को फरार आरोपी हीरा भगवानी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। एसआई विष्णु यादव कोर्ट उपस्थित पूछताछ के लिए दो दिन रिमांड की मांग की। कोर्ट ने उसे एक दिन के पुलिस रिमांड में सौंप दिया था।

पूछताछ में उसने ठगी की रकम से कुछ जमीन खरीदना, लोगों को पैसा लौटाने व खर्च कर देने की बात कह रहा है। वहीं अमृतसर, भोपाल में एक माह फरारी काटना बता रहा है। आरोपी हीरा भगवानी, उसकी पत्नी नायरा, माता पिता के बैंक खाते में मात्र 4 से 5 हजार रुपए जमा है। मंगलवार को पुलिस ने रिमांड समाप्त होने पर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पूर्व में उसकी पत्नी नायरा भगवानी व सहयोगी मुरली लहेजा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### थाने में पीड़ितों की लगी रही भीड़

मुख्य आरोपी के सरेंडर होने की खबर मिलते ही मंगलवार को ठगी के शिकार बड़ी संख्या में महिला / पुरूष व युवां सिविल लाइन थाने पहुंच गए थे। पीड़ित पुलिस अधिकारियों से मिलकर ठगी के रकम के संबंध में जानकारी लेते रहे। आखिरकार उन्हें मायूस होकर थाने से लौटना पड़ गया। आरोपी के पास एक कौड़ी भी जब्त नहीं हुआ है।

### 25 लाख की जमीन सीज की गई

पूर्व में पुलिस ने जांच में पाया आरोपी हीरा भगवानी ने मालिस करने का काम करने वाली बोदनी बाई के नाम तिफरा में 1200 वर्ग फीट जमीन खरीदा था, जिसकी कीमत 25 लाख 80 हजार रुपए है। पुलिस ने उक्त जमीन को सीज कर किया था।

---

# कड़ी सुरक्षा के बीच चाकूबाजी की वारदात से दहली धार्मिकनगरी रतनपुर, तीन वारदात में 5 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर/रतनपुर

कड़ी सुरक्षा के बीच रतनपुर महामाया परिसर में बिजली ठेकेदार के दो कर्मचारी व गरबा से लौट रहे एक युवक व बाइक सवार दो युवकों पर चाकू से हमला कर दिया गया। सप्तमी की रात चाकूबाजी की वारदात से धार्मिकनगरी दहल गई है। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

रतनपुर टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि सोमवार की रात 12 बजे महामाया मंदिर परिसर में बने ज्योति कलश के उपर फ्लोर पर बिजली ठेकेदार के दो कर्मचारी भेड़ीमुड़ा निवासी दीपक साहू पिता अमृतलाल साहू 28 साल व लखराम निवासी नवीन गुप्ता पिता रमेश गुप्ता काम कर रहे थे। इसी दौरान कुछ युवक वहां आकर बैठ गए। दोनों कर्मचारियों ने युवकों को तार खुला है करंट लग जाएगा कहते हुए हटने के लिए कहा। इस पर युवकों ने गुण्डागर्दी करते हुए दोनों कर्मचारियों के साथ मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। जिससे नवीन गुप्ता की अतड़ी बाहर निकल गई। चाकूबाजी की वारदात से परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को इलाज के लिए अस्पताल लेकर गई। गंभीर रूप से घायल नवीन गुप्ता को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है।

### दर्शन कर लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

रतनपुर पुलिस के अनुसार, तखतपुर क्षेत्र के ग्राम कुंआ निवासी साहिल सोनवानी पिता विजय सोनवानी 29 सितंबर की शाम दोस्तों के साथ रतनपुर मां महामाया देवी का दर्शन करने गए थे। रात 11.30 बजे दर्शन करने के बाद दोस्तों के साथ बाइक से लौट रहे थे। करैहापारा के पास केटीएम सवार दो युवकों ने गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते चाकू से साहिल के कमर व दाहिना हाथ पर हमला कर दिया।

### गरबा से लौट रहे युवक पर चाकू से हमला

रतनपुर पुलिस के अनुसार मेलापारा निवासी सौरभ कहरा पिता किशोर कहरा 29 सितंबर की रात 2 बजे नयापारा बस स्टैंड से गरबा देकर दोस्त शौर्य कहरा के साथ बाइक से लौट रहे थे। महामाया चौक के पास बंटी यादव ग्राम कर्रा के लोग जबरिया झगड़ा किए हो कहकर रास्ता रोककर चाकू से सौरभ व शौर्य पर चाकू से हमला कर दिया है।

### प्रतिबंधित इंजेक्शनः दो युवकों को 15 साल कैद

**बिलासपुर।** कोर्ट ने प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने वाले दो युवकों को 15 साल कैद व 1.50 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। 25 जनवरी 2024 को सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली उसलापुर रेलवे स्टेशन के पास दो युवक प्रतिबंधित इंजेक्शन बेचने के लिए आए हुए है। एसआई अमृत साहू ने स्टाप के साथ मौके पर दबिश देकर अनूपपुर निवासी अजीत साहू, घनश्याम साहू को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर 75 नग प्रतिबंधित इंजेक्शन मिला। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचक श्री साहू ने मामले की विवेचना कर चालान कोर्ट में पेश किया। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस किरण त्रिपाठी ने दोनों पक्ष की गवाही सुनने के बाद दोनों आरोपियों को 15 - 15 साल कैद व 1.50 - 1.50 लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। एसएसपी रजनेश सिंह ने उत्कृष्ण विवेचना एवं निर्णायक भूमिका के लिए एसआई श्री साहू को नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

---

# शराब दुकान में चोरी करने वाला युवक गिरफ्तार, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शराब दुकान से 68 हजार व शराब की बोतल चोरी करने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उसका एक साथी पुलिस पकड़ से बाहर है।



ज्ञात हो कि 27 सितंबर की रात दयालबंद शराब दुकान की रोशनदान को तोड़कर कार्टून में रखा बिक्री रकम 68 हजार 780 व 7 हजार 220 रुपए की शराब की बोतल चोरी कर लिया गया था। सीसीटीवी फुटेज में एक युवक चोरी करते नजर आ रहा था। टीआई देवेश सिंह राठौर के निर्देश पर स्टाफ फुटेज के आधार पर चोरों के पतासाजी में जुट गई थी। मंगलवार को पुलिस ने दयालबंद मधुबन दुर्गा बाड़ा निवासी अर्जुन यादव पिता स्व. महेश यादव 20 साल को पकड़ लिया। कड़ाई बरतने पर उसने दोस्त शिवा वर्मा के साथ मिलकर शराब दुकान में चोरी करना स्वीकार कर लिया है। उसके पास से 15 हजार 410 रुपए नकद व शराब की बोतल जब्त किया गया है। वहीं उसका साथी शिवा वर्मा पुलिस पकड़ से बाहर है।

### युवक से जातिगत गाली देकर मारपीट

गौ हत्या का आरोप लगाकर एक युवक से जातिगत गाली देकर मारपीट करने वालों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज कर लिया है।

अजाक थाने से मिली जानकारी के अनुसार, 13 सितंबर 2025 को हिर्री धौराभाठा निवासी विदेशी लहरे पिता ईतवारी 45 साल गांव में सड़क किनारे पशु की मृत्यु होने पर वह पशु की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान आकांक्षा कौशिक व उसके सहयोगी गौ हत्या का आरोप लगाकर जातिगत गाली गलौज कर लात घूंसा, चप्पल से बहुत मारपीट कर दिए थे। जांच के बाद पुलिस ने हमलावर आकांक्षा कौशिक व सहयोगी के खिलाफ 296, 3, 5, 351, 2 व 3,1 द, 3,1 घ एक्ट्रोसिटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

---

**खारंग की नहरों में तीन अगस्त से छोड़ा जा रहा पानी**

# किसानों को दो महीने से मिल रहा खूंटाघाट का पानी, बस कुछ दिन और

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खारंग जलाशय खूंटाघाट की दोनों नहरों में विगत दो महीने से छोड़ा जा रहा पानी बस कुछ दिनों तक और छोड़ा जाएगा। विभाग ने सितंबर के आखिर तक नहरों में पानी छोड़ने की बात कही थी। हालांकि विभाग द्वारा किसानों की ओर से मांग आने की स्थिति में आवश्यकतानुसार नहरों में जलप्रवाह एक सप्ताह और बढ़ाने पर भी विचार करने को कहा है।

सिंचाई विभाग द्वारा खूंटाघाट बांध की नहरों से किसानों को तीन अगस्त से पानी दिया जा रहा है। नहर में पानी चलते आज दिनांक को लगभग दो महने होने को हैं। विभाग ने शुरूआती दौर में वेस्ट वियर से व्यर्थ बह रहे पानी को दोनों नहरों के माध्यम से भी छोड़ना मुनासिब समझा था ताकि जिन किसानों को अपनी फसल के लिए पानी की जरूरत हो वे नहरों के माध्यम से पानी ले सकें। इधर इसी बीच बारिश के नहीं होने के कारण खारंग की नहरों में चल रहा पानी ही किसानों के लिए अमृत के समान उपयोग में लाया गया। विभाग द्वारा खारंग जलाशय से लेकर 85 किलोमीटर दूर नहर के अंतिम छोर तक विभागीय अमले की तैनाती की गई थी, जिन्हें पानी के दुरूपयोग रोकने एवं सिचाई हो जाने वाले क्षेत्रों में गेट बंद करने की जिम्मेंदारी सौंपी गई थी, ताकि नहर के अंतिम छोर तक फसल की सिंचाई हो सके।



### अब तक चल रहा वेस्ट वियर

खूंटाघाट बांध से ढाई महीने पहले से प्रारंभ हुआ वेस्ट वियर वर्तमान में भी जारी है। बीते वर्ष आज दिनांक की स्थिति में बांध में 96.20 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध था, जबकि इस साल आज की स्थिति में बांध में 103.03 प्रतिशत जलभराव उपलब्ध है। बांध में रविवार को भी 47.22 क्यूसे. पानी वेस्ट वियर के माध्यम से प्रवाहित हो रहा है। बांध की इस स्थिति से यह भी संभव है कि विभाग द्वारा वेस्ट वियर चलने के अंतिम समय तक नहर में जलप्रवाह जारी रखा जाए।

### दो महीने से जलप्रवाह, लेकिन बांध से खर्च रत्ती भर भी नहीं

खारंग जलाशय की नहरों में बीते दो महीने से लगातार जलप्रवाह होने के बाद भी बांध से पानी का कोई खर्चा नहीं हुआ है। इस साल यह स्थिति बहुत अच्छी रही। खारंग के कैचमेंट एरिया में इस साल रूक-रूककर लगातार होने वाली बारिश के कारण जलाशय वेस्ट वियर की स्थिति से ही नहीं उबर पाया, जिससे पानी का लगातार खर्चा करने के बाद भी बांध शत प्रतिशत भराव की स्थिति में है।

### बढ़ाई जा सकती है अवधि

खारंग की नहरों से सितंबर के आखिर तक पानी छोड़ा जाना है। इसके बाद किसानों की ओर से मांग आने की स्थिति में आवश्यकतानुसार पानी छोड़े जाने की अवधि एक सप्ताह और बढ़ाई जा सकेगी।

-मधु कुमार चंद्रा, ईई खारंग जलसंसाधन संभाग

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव 5 को

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सिंधी कालोनी कस्तूरबा नगर बस्ती द्वारा 5 अक्टूबर को विजयादशमी उत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश सिहोते करेंगे। मुख्य वक्ता पूणेन्दु भट्ट करेंगे। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे प्रारंभ होगा। संघ के शाखा कार्यवाह प्रफुल्ल मिश्रा, बस्ती प्रमुख परमानंद माखीजा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान संजीवनी अस्पताल को पार्किंग स्थल बनाया गया है। उन्होंने सभी स्वयं सेवकों से कहा है कि पथ संचलन सुबह 8 बजे प्रारंभ होगा। इसमें शामिल होने के लिए सुबह 7.30 बजे पूर्ण गणवेश के साथ उपस्थित होना है।


सुमीत बाजार™
दशहरा
DHAMAKA
OFFER
999/- में
केबिन साईज
सूटकेस
बाजार मूल्य ₹2999 प्रति पीस वाली
दशहरा की शुभकामनाएं
पारंपरिक एवं लेटेस्ट फैशन का
नवीनतम फेस्टिवल कलेक्शन
999/-में 2 सूट पीस
999/-में 2 ब्रांडेड कुर्ता
999/-में 3 साड़ियाँ
999/-में 4 कोर्ड सेट
999/-में 2 मेन्स कोर्ड सेट
999/-में 3 प्रीमियम ब्रांडेड ब्वॉयज टीशर्ट
999/-में 3 डबलबेड मिंक ब्लांकेट
999/-में 4 मेन्स शर्ट
ऑफर सुमीत बाजार के सभी स्टोर्स पर... ऑफर स्टॉक रहने तक
दिखाये गये चित्र प्रोडक्ट से भिन्न हो सकते हैं
*condition apply
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE 89820 44000

## खबर संक्षेप

### मंदिरों सहित दुर्गा पंडालों में हवन व कन्या पूजन



**पथरिया।** नवरात्र में अष्टमी के अवसर पर नगर के दोनों मां महामाया मंदिरों में हवन और कन्या पूजन किया गया। सुबह से ही मां के मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ लगी, जो देर रात तक बनी हुई थी। इसके साथ ही नवरात्रि के आठवें दिन दुर्गा पंडालों पर भी माता की विशेष आरती हुई एवं हवन-पूजन प्रारंभ हुआ। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद कन्या भोज का आयोजन विभिन्न किया गया, जिसमें कन्याओं का पूजन किया गया।

### मां की भक्ति में डूबा नगर सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

**लोरमी।** मां जग जननी दुर्गोत्सव समिति थाना ग्राउंड में महाअष्टमी पर हवन-पूजन कर माता की आराधना की गई। माता रानी को महाभोग अठवाही चढ़ा कर पूजा-



अर्चना की गई तथा भंडारे का आयोजन किया गया। मां जगत जननी दुर्गोत्सव में समिति द्वारा इस वर्ष दुर्गा पंडाल को आकर्षक लाइटिंग से सजाया गया है। पंडाल की उंचाई एवं सजावट की भव्यता से श्रद्धालु बड़ी संख्या में माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इस वर्ष मां जगत जननी दुर्गोत्सव समिति ने माता की प्रतिमा को 4 अक्टूबर को विसर्जन करने का निर्णय लिया है। इसी तरह नगर के सभी दुर्गा पंडालों एवं महामाया मंदिरों हवन-पूजन के साथ माता को महाभोग चढ़ाकर पूजा-अर्चना की गई।

### डांडिया कार्यक्रम में विभिन्न समूहों ने दी प्रस्तुति



**करगी रोड कोटा।** नगर पंचायत प्रांगण में एकेबीकेसीकेडी ग्रुप की ओर से भव्य डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया एवं डांडिया नृत्य की सराहना की। कार्यक्रम में विभिन्न समूहों ने पारंपरिक परिधानों में सजीव प्रस्तुतियां दीं। पूरे आयोजन स्थल पर नवरात्रि उत्सव का उल्लास एवं भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे और डांडिया की प्रस्तुतियों का आनंद लिया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि, ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम नगर की सामाजिक एकता और परंपराओं को सशक्त बनाते हैं। आयोजक मंडली ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

### पंडवानी गायन कार्यक्रम में भावविभोर हुए श्रोता



**लोरमी।** ग्राम सुकली में नवरात्रि के पावन अवसर पर महाभारत पंडवानी गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भाटापारा रायपुर से आई श्रद्धा सुमन पंडवानी गायिका पुष्पा निषाद ने आधुनिक वाद्ययंत्रों के साथ संगीत गीत की धुन पर पंडवानी गायन करते हुए श्रोताओं का मन मोह लिया। गायिका व उनकी टीम ने महाभारत कथा पर आधारित पंडवानी की शानदार प्रस्तुति दी। उन्होंने महाभारत के विभिन्न पात्रों का वर्णन करने के साथ-साथ समाज में नारी का योगदान, नशा मुक्ति परिवार, नई पीढ़ी को संस्कारगत शिक्षा के साथ देश प्रेम की संदेश पंडवानी के माध्यम से लोगों को दिया। पांच दिवसीय पंडवानी कार्यक्रम में गांव सहित साथ आसपास के क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर दुर्गा उत्सव समिति के अध्यक्ष नोहर सिंह, गेंदराम सिंह, यशवंत सिंह, सनत निषाद, निलेश साहू, जागेन्द्र कुलमित्र, हरिश्चंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, ब्रम्हानंद सिंह, मनीष जायसवाल, उमाशंकर सिंह, रामनिवास सिंह, बलदाऊ सिंह, तितरा सिंह, लल्लू निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

### नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक



**लोरमी।** नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन ने शांति समिति की बैठक आयोजित की। बैठक में थाना क्षेत्र की दुर्गा समितियों एवं रावण दहन को लेकर प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करने तहसीलदार शेखर पटेल एवं थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने सभी सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने रावण दहन स्थल में दशानन के पुतले के आसपास सुरक्षा व्यवस्था पानी, बिजली एवं अन्य सुरक्षात्मक उपाय को कड़ाई से पालन करने आयोजन समितियों को निर्देशित किया। साथ ही प्रतिमा विसर्जन में छोटे बच्चों को तलाब या नदी में नहीं ले जाने की हिदायत दी गई। इसके अलावा समितियों के सदस्यों को पहचान का भी उपाय करने कहा गया। इस अवसर पर लोरमी, नवाडीह, ढोलगी, पैजनियां, सारधा सहित अन्य स्थानों के लोग उपस्थित रहे।

### सुबह से ही मंदिरों में अठवाही चढ़ाने के लिए पहुंचते रहे श्रद्धालु

# अष्टमी तिथि पर देवी मंदिरों में दिन भर लगा श्रद्धालुओं का तांता

### देवी मंदिरों सहित दुर्गा पंडालों में हवन



**मुंगेली।** सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में सहित दुर्गा पंडालों में हवन किया गया। रात्रि 8 बजे से अष्टमी का हवन प्रारंभ किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिला-पुरुष शामिल हुए। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर दिन भर देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लग रहा। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालु अठवाही चढ़ाने के लिए पहुंचते रहे। नगर के मध्य में स्थापित महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, पंडरिया रोड में शक्तिमाई, खर्रीपारा में काली मंदिर, अंगार मोती मंदिर, दाउपारा में महामाया मंदिर, हथनीकला स्थित अष्टभुजी दुर्गा मंदिर, गीधा स्थित काली मंदिर, रामगढ़ में महामाया मंदिर, ग्राम खैरवार में महामाया मंदिर एवं शीतला मंदिर सहित नगर में जगह-जगह स्थापित देवी पंडालो में भक्तों का तांता लग रहा। हवन के माध्यम से सभी की सुख-शांति व कल्याण की कामना की गई। साथ ही कष्ट बाधा को दूर करने प्रार्थना की गई। अष्टमी के अवसर पर विविध अनुष्ठान हुए एवं पूरे विधि-विधान से माता का श्रृंगार किया गया। नवरात्रि में दुर्गा पंडालों में भारी भीड़ नजर आ रही है। पुराना बस स्टैंड स्थित दुर्गा पंडाल, ठाकुर देव मंदिर बालानी चौक के पास स्थित दुर्गा पंडाल एवं दाऊपारा रेस्ट हाउस, पुराना बस स्टैंड आगर क्लब की प्रतिमा आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। अष्टमी पर दुर्गा पंडालों पर भारी भीड़ नजर आई, जिससे पुराना बस स्टैड, बालानी चौक, पड़ाव चौक पर बार-बार यातायात प्रभावित होता रहे। शक्तिमाई पंडरिया रोड में आधे घंटे तक ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रही।

### महिलाओं- बालिकाओं ने जमकर उठाया डांडिया का आनंद



**पथरिया।** शारदीय नवरात्रि में क्षेत्र में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में पथरिया में दूसरी बार डांडिया नाइट्स कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां महिला एवं बालिकाओं की भीड़ उमड़ी।

इस कार्यक्रम में नगर की माता-बहनों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई और आयोजन को सफल बनाया। दो दिवसीय डांडिया कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार शाम मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम के पहले दिन गुजराती थीम और दूसरे दिन छत्तीसगढ़ी थीम पर गतिविधियों का संचालन किया गया। आयोजन समिति ने बताया कि वर्ष 2024 में पहली बार नगर में डांडिया नाइट्स का आयोजन किया गया था एवं इसकी लोकप्रियता देखते हुए इस वर्ष और भी बेहतर तरीके से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से सर्वश्रेष्ठ जोड़ा, सर्वश्रेष्ठ पहनावा, सर्वश्रेष्ठ बच्चा और ड्रामा क्वीन शामिल का पुरस्कार भी दिया गया। दोनों दिन अलग-अलग विजेताओं को समिति एवं उपस्थित अतिथियों के माध्यम से पुरस्कृत किया गया। डांडिया कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम की सराहना की। क्षेत्र के जिला पंचायत सभापति अनिल देवेंद्र राजपूत ने इसे सराहनीय कार्यक्रम बताया एवं नगर पंचायत अध्यक्ष तुलसी रघु वैष्णव ने इसे नवाचार की संज्ञा दी।

### जीपीएम जिले में गरबा का आयोजन, उमड़ी भीड़



**पेण्ड्रा।** जीपीएम जिले ने इस बार नवरात्रि पर्व को खास अंदाज में यादगार बना दिया। जिले में पहली बार भव्य रास-गरबा महोत्सव का आयोजन रॉयल होटल पैलेस में किया गया। कार्यक्रम के आयोजक केशव साहू और हर्ष मिश्रा रहे। दोनों की पहल पर जीपीएम जिले को एक नया सांस्कृतिक मंच मिला, जहां नवरात्रि उत्सव का उल्लास पूरे रंग में झलका। जैसे ही शाम ढली, होटल रॉयल पैलेस का परिसर रंग-बिरंगी लाइटों और सजावट से जगमगा उठा। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुनों पर पारंपरिक गरबे की ताल शुरू होते ही श्रद्धालु और युवा टोली झूम उठी। युवाओं ने आधुनिक और फ्यूजन अंदाज में गरबा प्रस्तुत कर उत्सव में चार चांद लगाए। आयोजक केशव साहू और हर्ष मिश्रा ने बताया कि, जीपीएम जिले में गरबे की यह शुरुआत सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जिले को सांस्कृतिक रूप से एक नया आयाम देने का प्रयास है। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि, जिले के लोग भी बड़े शहरों की तरह गरबे और सांस्कृतिक आयोजनों का आनंद उठा सकें। आने वाले वर्षों में इसे और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। कार्यक्रम में आसपास के गांवों और कस्बों से भी श्रद्धालु और युवा शामिल हुए। आयोजन स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं की भी पूरी तैयारी रही, जिससे भीड़ के बावजूद माहौल शांतिपूर्ण और अनुशासित बना रहा। यह पहला अवसर था जब जीपीएम जिले में इस तरह का गरबा आयोजन हुआ।

### अष्टमी पर देवी मंदिरों में हवन और कन्या पूजन

**तखतपुर।** अष्टमी पर नगर के मां महामाया मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में हवन और कन्या पूजन किया गया। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी के अवसर पर नगर के महामाया



मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिर प्रबंध समिति के द्वारा अष्टमी के अवसर पर हवन और कन्या पूजन किया गया। देवी मां को आठवाही का भोग लगाया गया तथा विशेष श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति अध्यक्ष जितेंद्र पांडे, उपाध्यक्ष जितेंद्र शुक्ला, कोषाध्यक्ष दिलीप तोलानी, आचार्य पंडित दिलहरण दुबे, मुख्य अजमान संगीता बजरंग गुप्ता, एडिशनल एसपी अनिल सोनी, टेकचन्द कारड़ा, यश हूरा, राजू ठाकुर, बृजपाल सिंह हुरा, अजय पांडेय, परमेश्वर सिंह, सूरज ठाकुर, अभय मिश्रा,कुंज राम यादव, बृजपाल सिंह हूरा, मुन्ना श्रीवास, रवि मानिकपुरी, अमित मंदानी, वासु तोलानी, तिलक ताम्रकार, दुर्गा यादव, रमेश पटेल, सहित अन्य उपस्थित रहे।

### महाष्टमी पर हुई मां के महागौरी रूप की पूजा

**मल्हार।** मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर मल्हार में शारदीय क्वांर नवरात्र की महाष्टमी तिथि को मंगलवार को मां के महागौरी रूप की विशेष पूजा हुई। इस विशेष तिथि पर हजारों श्रद्धालुओं ने माता का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। सुबह से देर रात तक मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही। विभिन्न साधनों के अलावा कई भक्त अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए जमीन नापते व लोट मारते हुए मंदिर पहुंचे। मंदिर में इस वर्ष 4 हजार से भी



ज्यादा श्रद्धालुओं ने मनोकामना दीप प्रज्वलित कराए हैं, जिसमें दूसरे राज्यों के भक्त भी शामिल हैं। इस दौरान हवन सहित अन्य अनुष्ठान मंदिर परिसर में बने यज्ञ मंडप में पंडित दीपेश तिवारी के आचार्यत्व में संपन्न हुए। देवी भागवत के निमित्त कपिला तर्पण, सहस्त्रधारा के अलावा सभी अनुष्ठान होंगे। महानवमी तिथि कन्या भोज, ब्राम्हण भोज कार्यक्रम के साथ देवी भागवत विश्राम तथा नवरात्र अनुष्ठान संपन्न होंगे।

### कन्या भोज का आयोजन, की गई पूजा-अर्चना

**मुंगेली।** शारदीय नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर घर-घर में कन्या भोज व कन्या पूजन का आयोजन किया गया। साथ ही देवी मंदिरों एवं दुर्गा पंडालों में भी कुंवारी भोज का आयोजन



किया गया, जिसमें छोटी-छोटी कन्याओं को हलवा खीर पूरी का प्रसाद वितरण किया गया। मंदिरों एवं घरों में सैकड़ों की तादात में कन्याओं की पूजा-अर्चना कर भोजन कराया गया। साथ में भैरव लंगूर को भी भोजन कराया गया। घर-घर में कन्या भोज कराकर कन्याओं की पूजा-अर्चना की गई एवं उन्हें श्रृंगार सामग्री भेंट की गई। सप्तमी के दिन सोनारपारा स्थित महामाया मंदिर में कन्या भोज का आयोजन किया गया। नवरात्र में नौ दिनों तक जिस तरह से माता दुर्गा की आवभगत और पूजा-अर्चना की जाती है, उसी तरह से नवरात्रि में सप्तमी तिथि से कन्या पूजन का दौर शुरू हो जाता है। अष्टमी और नवमी तिथि पर कन्याओं को नौ देवी का रूप मानकर उनका स्वागत-सत्कार किया जाता है। नवरात्र में कन्याओं के भोजन कराने से पुण्य और कल्याण की प्राप्ति होती है।

### देवी मंदिर में प्रज्जवलित ज्योति कलश का विसर्जन

**तखतपुर।** मां किलावाली चंडी मंदिर में प्रज्वलित ज्योति कलश विसर्जन के लिए नगर में बाजे-गाजे के साथ ज्योति जवारा कलश यात्रा निकाली गई। ज्योति का दर्शन करने श्रद्धालुओं की भीड़



सड़कों पर उमड़ पड़ी एवं लोगों ने पूजा-अर्चना कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान पुलिस की व्यवस्था भी काफी दुरूस्थ रही और शांति पूर्ण से जंवारा विसर्जन किया गया। ज्योति कलश यात्रा चंडी देवी मंदिर से निकली एवं देवांगन मोहल्ला, सदर बाजार, गांधी चौक, पुराना बस स्टैण्ड, संगम नगर, मां महामाया मंदिर होते हुए मनियारी तक गई। इस वर्ष मंदिर में तेल और घृत सहित कुल 600 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। इस अवसर पर प्रमोद कुमार वैष्णव, नकुल धुरी, भागवत धुरी, तेजराम धुरी, रामप्रसाद धुरी, गोलू पटेल, रोहित पटेल, गजेंद्र धुरी, रवि धुरी, कान्हा धुरी, सुदामा सहित अन्य मौजूद रहे।

### दुर्गा पंडाल से निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा



**बेलगहना।** श्री कृष्ण नगर दुर्गा पंडाल से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा दुर्गा पंडाल से प्रारम्भ होकर हनुमान मंदिर व माता चौरा श्री ठाकुर दइया मंदिर होते हुए पूरे नगर का भ्रमण कर वापस पंडाल में संपन्न हुई। इस कलश यात्रा के दौरान समिति के सदस्यों की ओर से बालिकाओं के लिए जगह-जगह पानी एवं प्रसाद कि व्यवस्था की गई। इस यात्रा में जीएन निशाद, शैलेश गुप्ता, अनिल गुप्ता, शिवांश गुप्ता, प्रियांशु हलधर, गोविन्द यादव आदि का सहयोग रहा।

### सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**सेतगंगा-मुंगेली।** धर्मनगरी सेतगंगा सहित आसपास के गांवों में शारदीय नवरात्र पर अष्टमी का पर्व अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। अष्टमी तिथि पर सुबह से देवी मंदिरों में दर्शन व पूजन के लिए लम्बी



कतार लगी रही। देवी मंदिरों में मां का विशेष श्रृंगार कर विशेष पूजा की गई। जिला मुख्यालय मुंगेली से 22 किलोमीटर दूर स्थित सिद्धेश्वरी महामाया मंदिर सेतगंगा में अष्टमी को माता के दर्शन व पूजन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही देवी भक्तों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर, दुर्गा पंडालों व घरों में भी कन्याओं की पूजा की गई एवं उन्को उपहार आदि भेंट किए गए। 2 अक्टूबर को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा अत्यंत धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर रावण का पुतला का दहन किया जाएगा, जिसकी तैयारी नगर में शुरू हो चुकी है।

### बिल की प्रतियां जलाकर जताया गया विरोध

# बढ़ती बिजली दरों के खिलाफ युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

बढ़ती बिजली दरों के खिलाफ सोमवार को जीपीएम युवा कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार कार्यकर्ता कोटमी कला स्थित बिजली ऑफिस के सामने एकत्र हुए और सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने बिजली बिल की प्रतियां जलाकर विरोध जताते हुए सरकार पर आम जनता की जेब पर बोझ डालने का आरोप लगाया। प्रदर्शन का नेतृत्व युकां जिला अध्यक्ष अमन शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि, सरकार लगातार बिजली दरों में वृद्धि कर आम लोगों को परेशान कर रही है। महंगाई से जूझ रही जनता पर अब बिजली बिलों का बोझ डाल दिया गया है, जिससे मध्यम



वर्गीय परिवार और किसान सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। अमन शर्मा ने चेतावनी दी कि, यदि सरकार ने जनता की आवाज नहीं सुनी तो आने वाले दिनों में आंदोलन उग्र रूप लेगा। युवा कांग्रेस ने यह भी कहा कि, बिजली दरों में बढ़ोतरी का असर सबसे ज्यादा किसानों और छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा है। खेती-किसानी से जुड़े लोग पहले ही महंगाई की मार झेल रहे हैं, और अब महंगे बिजली बिलों से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। यही कारण है कि जनता के बीच आक्रोश लगातार बढ़ रहा है। इस प्रदर्शन के दौरान पूरे क्षेत्र का माहौल आंदोलित रहा। इस अवसर पर युकां की राष्ट्रीय सहसचिव प्रीति मांझी, जिला उपाध्यक्ष एवनपाल पैकरा, जिला महासचिव रवि राय, सुल्तान खान, भुनेश्वर सेन, निलेश गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष मरवाही सुरेंद्र प्रताप सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष पेंड्रा अजय पुलस्त, एनएसयूआई प्रदेश सचिव शशांक शर्मा, राहुल तिवारी, कलीराम मांझी, परमेश्वर कश्यप, हरीश कुमार सारीवान, भुनेश्वर यादव, फगुन तिलगाम, राजू गिर, प्रियांशु गुर्जर, शारदा तिवारी, सुनेश्वर पैकरा, सुरेश पांडे सहित बढ़ी संख्या में युकांई शामिल हुए।

### भाजपा प्रवक्ता के खिलाफ कांग्रेसियों ने सौंपा शिकायत आवेदन

**मुंगेली।** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता प्रिंटू महादेव ने एक टीवी चैनल की बहस के दौरान देश के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी को खुलेआम सीने में गोली मारने की धमकी दी थी। इसको लेकर कांग्रेस की ओर से लगातार विरोध जताया जा रहा है। इसी कड़ी



भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव एवं जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में जिले के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सिटी कोतवाली थाने पहुंचे और भाजपा प्रवक्ता प्रिंटू महादेव के खिलाफ आवेदन सौंपा। आवेदन में उपरोक्त मामले में संज्ञान लेकर भाजपा प्रवक्ता प्रिंटू महादेव के खिलाफ उचित धाराओं के अंतर्गत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर तत्काल कठोर कार्रवाई करने की मांग की गई है। इस अवसर पर एआईसीसी सचिव एवं भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा, संजीत बनर्जी, हेमेद्र गोस्वामी, स्वतंत्र मिश्रा, संजय यादव, रोहित शुक्ला, लक्ष्मीकांत भास्कर, अभिलाष सिंह, राजेश छैदईयां, संजय जायसवाल, लखन कश्यप, असद खोखर, उर्मिला यादव, इंद्रजीत कुर्रे, सहित बडी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बिजली बिल दोगुना कर सरकार ने बिगाड़ा परिवार का बजटः देवेंद्र

**तखतपुर।** पूरे देश में नवरात्रि पर्व पर शक्ति के रूप में माताओं को पूजा जा रहा है, लेकिन प्रदेश की सरकार है, कि प्रदेश की महिलाओं को अधिक से अधिक प्रताड़ित करने के उपाय ढूंढती है। रक्षाबंधन के बाद नवरात्रि पर बिजली बिल दोगुना करके सरकार ने परिवार का बजट बिगाड़ दिया है। सरकार महतारी वंदन के नाम से प्रदेश की अन्य महिलाओं को भी



इस योजना का लाभ नहीं पहुंचा रही है, वहीं पात्र-अपात्र का खेल कर गरीब परिवार की महिलाओं का नाम ठीक उसी तरह काट रही है, जैसे साल भर पहले राशन कार्ड से नाम काटा था। यह बातें तखतपुर पहुंचने के दौरान भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने कही। इस अवसर पर आत्मजीत सिंह मक्कड़, जितेंद्र पाण्डेय, शिवबालक कौशिक, बिहारी देवांगन, मुन्ना श्रीवास, शिवेंद्र कौशिक, अभ्युदय तिवारी, अनिल कौशिक, सुनीता बंजारे, सुरेश ठाकुर, अवधेश शुक्ला, हरविंदर हूरा, अभिषेक पाण्डेय, चंद्रप्रकाश देवांगन, शैलेंद्र निर्मलकर, लक्ष्मी यादव, जितेंद्र राज, दिनेश देवांगन, राजू ठाकुर, राजवीर हूरा, रवि डग्गा, अमित सिंगरौल, प्रियांशु डाहिरे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### बचरवार में देर रात तक कविताओं की गूंज

**पेण्ड्रा।** ग्राम बचरवार में नवरात्रि पर्व के 52 वर्षों के इतिहास में पहली बार विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। ग्राम के हरदेवलाल देवी चौरा प्रांगण में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रोता देर रात तक कविताओं का रसपान करते रहे। कवि सम्मेलन के मुख्य आकर्षण रहे छत्तीसगढ़ के रसखान कहे जाने वाले पं. सुंदरलाल शर्मा सम्मान प्राप्त मीर अली मीर।

पहली बार हुआ विराट हास्य कवि सम्मेलन



उन्होंने छत्तीसगढ़ी भाषा, संस्कृति और बेटी पर आधारित अपनी भावपूर्ण रचनाओं से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। उनकी प्रसिद्ध रचना "छत्तीसगढ़ के मुकुट बिराजे डोंगरगढ़ बम्लाई" और बेटी पर लिखा गीत लंबे समय तक श्रोताओं के मन में गूंजता रहा। स्थानीय युवा कवि आशुतोष आनंद दुबे ने पहली बार अपने गृहग्राम के मंच से काव्यपाठ किया। "पंछियों को नया घोसला चाहिए, रंजिशें खत्म हो फैसला चाहिए" जैसी पंक्तियों के साथ उन्होंने श्रोताओं का दिल जीत लिया और भरपूर सराहना प्राप्त की। श्रृंगार रस की कवयित्री सोमप्रभा तिवारी 'नूर' ने अपने मधुर कंठ से सरस्वती वंदना और प्रेमगीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। वहीं हास्य कवि अमित दुबे ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए लगातार ठहाके बिखेरे। शरद यादव 'अक्स' और बालमुकुंद श्रीवास ने अपने व्यंग्य और हास्य रचनाओं से दर्शकों को देर रात तक हंसा-हंसा कर लोटपोट कर दिया।

### ललित बने रतनपुर राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष

**रतनपुर।** रतनपुर राइस मिल एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से ललित अग्रवाल को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री अग्रवाल की नियुक्ति को राइस मिल उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण और सकारात्मक कदम माना जा रहा है।



ललित अग्रवाल

रतनपुर क्षेत्र में राइस मिल व्यवसाय से लम्बे समय से जुड़े हुए हैं, और उन्हें उद्योग की बारीक समझ होने के साथ प्रशासनिक अनुभव भी है। अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने स्पष्ट किया कि, उनका उद्देश्य राइस मिल उद्योग को संगठित, सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। एसोसिएशन के सदस्यों ने उनकी नियुक्ति पर खुशी जाहिर करते हुए आशा जताई कि, उनके नेतृत्व में संगठन नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा। साथ ही उन्होंने विश्वास जताया कि यह नियुक्ति मिलों के समुचित विकास, सरकारी योजनाओं के लाभ दिलवाने और उद्योग की दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। अध्यक्ष नियुक्ति होने पर ललित अग्रवाल ने कहा कि, हमारा प्रयास रहेगा कि, मिल संचालकों की सभी वास्तविक समस्याओं को उचित मंच पर उठाया जाए और राइस मिल उद्योग को तकनीकी रूप से उन्नत बनाकर प्रतिस्पर्धी बनाया जाए।